'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 194 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 29 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

बडखल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए धनेश अदलक्खा को जिताएं : दीप मनी
Page 3



# कांग्रेस समस्या का नाम है और देश में जितनी भी समस्याएं हैं सब कांग्रेस की देन है : योगी आदित्यनाथ

## फरीदाबाद में गरजे योगी आदित्यनाथ– बोले – कांग्रेस राज में हरियाणा भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ था

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को फरीदाबाद में विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समस्या का नाम है और देश में जितनी भी समस्याएं हैं सब कांग्रेस की देन है। कांग्रेस को घेरते हुए योगी ने कहा कि देश के विभाजन, बंटवारे की त्रासदी का कारण कांग्रेस ही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटा तथा आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद और अराजकता की भट्ठी में धकेलने का काम किया। देश में भ्रष्टाचार, परिवारवाद, भाई–भतीजावाद की प्रवृति फैलाने का काम भी कांग्रेस ने किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस देश की समस्या का नाम है तो दूसरी ओर भाजपा समाधान है।



फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा की डबुआ सब्जी मंडी में आयोजित जनआशीर्वाद रैली में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एनआईटी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार फागना, बल्लभगढ़ से मूलचंद शर्मा, पृथला से टेकचंद शर्मा, बड़खल से धनेश अदलखा, फरीदाबाद से विपुल गोयल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड वोटों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, अनिल नागर, भगवान सिंह, डा. आरएन सिंह, राजेश नागर, कवीन्द्र फागना, सन्दीप भड़ाना, संजीव सोम, लक्ष्यवर्धन सिंह, मुकेश डागर, भजन भगत, बाबा जितेन्द्र दास, बाबा सेवक दास आदि उपस्थित रहे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश ही नहीं पूरी दुनिया जानती है कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला फिर से पावन जन्म भूमि पर विग्रह के रूप में विराजमान हुए हैं। 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी ने अपने कर कमलों से पांच सदी के इंतजार को समाप्त किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर बनाने के लिए 76 बड़ी लड़ाईयां हिंदुओं ने लड़ीं और लाखों हिंदू बलिदान हुए। इन बलिदानियों में संत, निहंग, वैरागी, सन्यासी, राजे–रजवाड़े, गृहस्थ युवा और माता–बहनें हर तबके के लोग शामिल हुए और रामलला की जमीन को मुक्त कराने में बढ़चढ़ कर भाग लिया था।

कांग्रेस को घेरते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विदेशी आंक्राताओं ने देश की आजादी को कैद करके रखा। 1947 में भारत आजाद हुआ तब राम मंदिर का निर्माण तत्काल हो जाना चाहिए था, क्योंकि उस समय कोई विवाद भी नहीं था। कांग्रेस की सरकार चाहती तो भव्य राम मंदिर का निर्माण करवा सकती थी, लेकिन कांग्रेस ने विवाद खड़ा करवाकर बैरियर खड़ा कर दिया और समाधान नहीं होने दिया। कांगेस समस्या का समाधान 65 वर्षों में नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनें और 2017 में यूपी में भाजपा की सरकार बनी और 2019 में राम मंदिर विवाद समाप्त हुआ और भव्य मंदिर का निर्माण हुआ।

**यूपी में अब दंगा समाप्त हो गया है और दंगाई या तो जेल में है या फिर जहन्नुम की यात्रा पर निकल चुके**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग भारत को कोसते थे, भारत सम्प्रभुता को चुनौती देते थे आज उनके मुंह से राम–राम शब्द निकल रहा है यह सब धारा–370 समाप्त होने का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि बीजेपी मजबूत होगी तो हरे राम–हरे कृष्णा भी लोग सड़कों पर गाते हुए आपको दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्षों से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इन साढ़े सात वर्षों में कहीं कोई दंगा सुनने को नहीं मिलेगा। साढ़े सात साल पहले यूपी में हर दूसरे व तीसरे दिन दंगें होते थे। यूपी में अब दंगा समाप्त हो गया है और दंगाई या तो जेल में है या फिर जहन्नुम की यात्रा पर निकल चुके हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा का मतलब है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा, सुशासन, विकास की गारंटी। उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव के हर गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को शासन की योजनाओं से लाभानवित करने की गारंटी। भाजपा का मतलब एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनाकर भारत की आस्था को सम्मानित करने की गारंटी।

**कांग्रेस शासन में माफिया हरियाणा का शोषण करते थे, हरियाणा के विकास में रोड़े अटकाते थे**

कांग्रेस पर बरसते हुए योगी आदित्य ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि कभी कांग्रेस राम मंदिर का निर्माण करवा सकती थी क्या? क्या कांग्रेस के रहते जम्मू–कश्मीर से धारा–370 हट सकती थी? क्या देश से आतंकवाद समाप्त हो सकता था? योगी ने कहा कि कांग्रेस राज में ये कोई बातें संभव नहीं थी, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में सब काम हुए और आज भारत सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि भाजपा वर्तमान को तो सुरक्षित कर रही है, भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। योगी ने कहा कि आज से 10 साल पहले का कांग्रेस शासन याद कीजिए। कांग्रेस ने पूरे हरियाणा को भ्रष्टाचार में आकंठ डूबो दिया था। लूट खसोट थी, वन माफिया, खनन माफिया, भूमाफिया, गौ माफिया कांग्रेस के इर्द–गिर्द थे। कांग्रेस शासन में ये माफिया हरियाणा का शोषण कर रहे थे, हरियाणा के विकास में रोड़े अटका रहे थे। लेकिन भाजपा ने इन सब माफियाओं को समाप्त कर सुशासन स्थापित किया।

**भाजपा शासन के 10 वर्षों में हरियाणा ने विकास की नई यात्रा आरंभ की**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा शासन के 10 वर्षों में हरियाणा ने विकास की नई यात्रा आरंभ की। आज हरियाणा में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। प्रदेश में फोर लाइन, सिक्स लाइन सड़कों का निर्माण हुआ है। आईआईटी, आईटीआई, मेडिकल एम्स जैसे संस्थानों, विश्वविद्यालयों से हरियाणा की नई पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार कहती थी कि देश के संसाधनों पर सिर्फ मुसलमानों का अधिकार है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और विश्वास की बात करते हैं।

**जहा–जहां भाजपा की सरकार है वहां सुरक्षा, सुशासन और विकास है**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। 60 करोड़ गरीब लोगों को आयुष्मान जैसी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि मिल रही है, 4 करोड़ गरीबों को आवास, 10 करोड़ गरीबों को उज्जवला योजना का कनेक्शन, युवाओं को रोजगार मिल रहा है। आज जहा–जहां भाजपा की सरकार है वहां सुरक्षा, सुशासन और विकास है।

**कांग्रेस, इनेलो कभी हरियाणा का विकास करना नहीं चाहती**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विकसित भारत के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की डबल स्पीड को बाधित नहीं होने देना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, इनेलो कभी हरियाणा का विकास करना नहीं चाहेगी। अगर विकास होगा तो कांग्रेस–इनेलो की दुकानें बंद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मेरी अपील है कि सुरक्षा और सम्मान के लिए विकास तथा विरासत की यात्रा को और बेहतर बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों का विजयी बनाएं।

**राहुल गांधी ने पीएम मोदी को हटाने के चक्कर में कांग्रेस को मिटाने का फैसला कर लिया : कृष्णपाल गुर्जर**

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी रैली में जनता से भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी हमला बोला। कृष्णपाल गुर्जर ने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि राहुल गांधी भारत में कुछ बोलते हैं और अमेरिका में जाकर कुछ और बोलते हैं। राहुल भारत में कहते हैं कि बीजेपी आरक्षण को समाप्त कर देगी, वहीं अमेरिका में जाकर राहुल कहते हैं कि कांग्रेस को मौका मिला तो कांग्रेस आरक्षण को खत्म करेगी। श्री गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी ने पीएम मोदी को हटाने के चक्कर में कांग्रेस को मिटाने का फैसला कर लिया है।

श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में काफी अंतर है। कांग्रेस ने हरियाणा में जो घोषणा पत्र जारी किया है, यही घोषणा पत्र दो साल पहले हिमाचल प्रदेश में जारी किया था। दो वर्षों में कांग्रेस ने हिमाचल में महिलाओं को एक भी रुपया नहीं दिया और ना ही एक युनिट बिजली फ्री दी। जबकि बीजेपी की सरकार ने मध्य प्रदेश में 2000 रुपये देने की गारंटी दी थी। अब मध्य प्रदेश में 3000 रुपये महिलाओं के बैंक खातों में आ रहे हैं।

# आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन फरीदाबाद ने दिया मूलचंद शर्मा को समर्थन

## भाजपा सरकार बनने पर फरीदाबाद उद्योग नगरी को एशिया के मानचित्र पर फिर से चमकाने का करेगे काम : मूलचंद शर्मा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन फरीदाबाद (आईआईएएफ) ने भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा के सम्मान में समर्थन समारोह का आयोजन सेक्टर 2 में किया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को एसोसिएशन ने अपना समर्थन देने का ऐलान किया। आई.आई.ए.एफ. के प्रधान प्रमोद राणा और उनकी पूरी टीम ने भाजपा प्रत्याशी और पूर्व में उद्योग मंत्री रहे मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत करते हुए चुनावो में उनका साथ देने की घोषणा की। प्रधान प्रमोद राणा ने कहा की मूलचंद शर्मा ने अपने पिछले 10 साल में बल्लबगढ़ विधानसभा में एतिहासिक कार्य किए है उन्होंने सरकर में उद्योग मंत्री रहते हुए उद्योगपतियों के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले किए थे। इसलिए मूलचंद शर्मा को बल्लबगढ़ ने विकास पुरुष का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी फरीदाबाद को एशिया के मानचित्र पर फिर चमकाने का काम करेंगे। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने आई.आई.ए.एफ के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा की उद्योगपतियों के इस समर्थन को कभी नही भुलाया जायेगा। हरियाणा में भाजपा सरकार बनने पर



उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भी योजनाएं लाई जाएगी और उद्योगपतियों को आने वाली समस्याओं को दूर करने का काम किया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा भाजपा सभी को सम्मान देते हुए साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

उसी का उदाहरण है हरियाणा में गरीब का बेटा नायब सैनी मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की पूरे बहुमत से सरकार बनेगी और प्रदेश का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बनेगा। उन्होंने कहा की यही ऐसी पार्टी है जिसमे कोन क्या बन जाए किसी को पता नही होता। भाजपा प्रत्याशी और सरकार में केबिनेट मंत्री रहे मूलचंद शर्मा ने कहा की वे उद्योगपतियों द्वारा दिए जा रहे समर्थन व विश्वास और बल्लबगढ़ की जनता के आशीर्वाद और सम्मान को कभी भी झुकने नहीं दूंगा। इस मौके पर आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान प्रमोद राणा, रश्मि सिंह, विपिन बरेजा, डीपी यादव, एचएस सेखो, योगेश बंसल, वीपी दलाल, देवेंद्र गोयल, एसएस मान, दीपक यादव, कमल खंडेलवाल, पंकज गुप्ता, दयाचंद यादव सहित उद्योगपति मोजूद रहे।

**एमवीएन सोसायटी बल्लबगढ़ ने भी दिया भाजपा को समर्थन**

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के अपने जनसंपर्क अभियान के तहत एमवीएन सोसायटी बल्लबगढ, जैन कालोनी, सेक्टर 3, सेक्टर 2, बस अड्डा की मार्किट, बापू नगर,भगत सिंह कालोनी, सेक्टर 64,बाला जी रोड, प्रीत विहार का दौरा किया।

इसके अलावा बल्लभगढ़ एमवीएन सोसाइटी के निवासियों ने भी भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की गई। भाजपा प्रत्याशी बल्लभगढ़ मूलचंद शर्मा और भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर तिगांव को बल्लबगढ़ एमबीएन सोसाइटी में बुलाकर किया सम्मान किया गया और रिकार्डतोड मतों से जीत का भरोसा दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे और उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की उन्होंने कहा राष्ट्रहित और बल्लभगढ़ के विकास के लिए मूलचंद शर्मा को विधायक बनाकर चंडीगढ़ भेजना बहुत जरूरी है। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री रहे मूलचंद शर्मा ने भी एमवीएन के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा की बल्लभगढ़ में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराए हैं और आगे भी मैं बल्लभगढ़ के विकास को लेकर संकल्परत हूं। तिगांव से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने भी कहा कि बल्लभगढ़ को कैबिनेट मंत्री रहे श्री मूलचंद शर्मा ने जन्नत बनाने का काम किया है स्लम एरिया तक पक्की सड़के सीवर पानी पहुंचाने का काम किया है उन्होंने निवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह भी अपने तिगांव क्षेत्र में रहने वाले जानकारों अथवा रिश्तेदारों से भाजपा के पक्ष में वोट के लिए अपील करें ताकि भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत की हरियाणा में बन सके और क्षेत्र का विकास हो सके। इस मौके पर समिति के प्रधान अमित मित्तल, संजीव गोयल, नीटू नंबरदार, मोनू महेश्वरी, राजकुमार त्यागी, देवेंद्र जिंदल, श्यामसुंदर जिंदल, विनोद गोयल, प्रवीण बंसल, कृष्ण माहेश्वरी, रामेश्वर, प्रशांत मित्तल, दीपक यादव सहित एसोसिएशन के सभी परिवारजन और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**बस अड्डा मार्केट में भी भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का भव्य स्वागत**

बस अड्डा मार्केट में गौरव विरमानी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बस अड्डा मार्केट के सभी व्यापारियों ने फूल मालाओं और 21 गज की पगड़ी के साथ मूलचंद शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर अनीता गोस्वामी ने भी भाजपा के लिए वोट मांगे। इस अवसर पर निशांत खट्टर, विजय विरमानी, सतपाल छाबड़ा, बिट्टू पंजाबी, पुरुषोत्तमशर्मा, रोशन लाल डूडेजा, पारस जैन, दीपक अरोड़ा, प्रेम मदान, महेश गोयल, सुषमा यादव, भगवान सिंह फौजदार, संदीप मलिक, पंकज कथूरिया, मोंटू चौहान, इशांत कथूरिया सहित बल्लभगढ़ व्यापारी बस अड्डा मार्केट के व्यापारीगण मौजूद रहे।

# पीएम मोदी की रैली के लिए कृष्णपाल गुर्जर ने भूमि पूजन कर किया तैयारियों का शुभारम्भ

## पीएम मोदी की रैली के लिए तैयारियां जोरों पर : कृष्णपाल गुर्जर

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 1 अक्तूबर दोपहर 2 बजे फरीदाबाद लोकसभा की पृथला विधानसभा के गद्पुरी टोल पर जन आशीर्वाद रैली में हुंकार भरकर फरीदाबाद लोकसभा समेत दक्षिण हरियाणा की विधानसभाओं के मतदाताओं को साधेंगे। प्रधानमंत्री के साथ रैली में भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश के कई बड़े व दिग्गज नेता शिरकत करेंगे। लोकसभा फरीदाबाद के सभी उम्मीदवार इस रैली में भाग लेंगे और मोदी जी सभी प्रत्याशियों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रधानमंत्री मोदी की रैली की तैयारियों का शुभारम्भ भूमि पूजन करके किया। इस अवसर पर उनके साथ फरीदाबाद के जिला चुनाव प्रभारी पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री पीपी चौधरी, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पलवल के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवेतिया, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, सुखबीर मलेरना, शोभित अरोड़ा, जेजू ठाकुर, रजत जयसवाल आदि उपस्थित रहे।



इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी जी की रैली के लिए विधिवत रूप से भूमि पूजन कर तैयारियों की शुरुआत कर दी गई है। रैली की तैयारियों और व्यवस्था के लिए भाजपा नेता और कार्यकर्ता पूरे जोर शोर से लग चुके हैं। रैली स्थल पर बड़ा पंडाल तैयार किया जा रहा है और लोगों के बैठने के लिए सीटें लगाईं जाएँगी। रैली में आने वाली जनता जनार्दन के लिए पार्किंग, पीने के पानी आदि सभी व्यवस्थाओं की तैयारियां की जा रही हैं। रैली को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लोगों को रैली के लिए आमंत्रित कर रहे हैं और बसों व अन्य वाहनों के माध्यम से जनता रैली स्थल पर पहुंचे, इसकी भी तैयारी कर ली गई है। फरीदाबाद में मोदी जी की रैली विशाल और भव्य होगी और कार्यकर्ताओं के साथ जनता में बहुत उत्साह है, लाखों की संख्या में जनता रैली स्थल पर पहुँच कर विश्व के सबसे लोकप्रिय एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ओजस्वी उद्बोधन को सुनेगी। श्री गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में जो हवा चल रही है, मोदी जी की इस रैली के बाद भाजपा की हवा और तेजी से चलेगी। 2019 के विधानसभा चुनाव में फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा के 7 उम्मीदवार जीते थे और अबकी बार जनता जनार्दन के आशीर्वाद से सभी 9 विधानसभा सीटों पर कमल खिलाएंगे।

# चाय पर चुनावी चर्चा




**विधानसभा चुनाव का मौसम चल रहा है जो की 5 साल में एक बार आता है और इस मौके पर कौन जीतेगा ? और कौन हारेगा ? लोग भला इसकी चर्चा ना करें ऐसा हो ही नहीं सकता और वह भी चाय के वक्त चुनावी चर्चा। चित्र: समाचार गेट**

# विधायक बना तो बल्लभगढ़ क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : राव रामकुमार

## निर्दलीय प्रत्याशी का एक दर्जन चुनावी सभाओं में हुआ जोरदार स्वागत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार राव राम कुमार ने आज शनिवार को बल्लभगढ विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्म कुमारी आश्रम सेक्टर 23 से अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। जनसंपर्क अभियान के तहत कलंदर कॉलोनी, संजय कॉलोनी, भगत सिंह कॉलोनी, सेक्टर 2, विजय नगर, सेक्टर 3, भाटिया कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, बनियावाड़ा, यादव फास्ट फूड, आगमन सोसाइटी सहित करीब एक दर्जन से ज्यादा चुनावी जन सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने व घर–घर दस्तक देकर जनता से आगामी 5 अक्टूबर को सेब के निशान पर बटन दबाकर कर राव राम कुमार को वोट देने की अपील की।



इस दौरान उनका जहां फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया वहीं पगड़ी बांधकर अपने समर्थन का ऐलान कर विजयी आशीर्वाद दिया।

सभाओं में मिले अपार स्नेह से गदगद निर्दलीय प्रत्याशी राव राम कुमार ने लोगों को भावनात्मक जोड़ते हुए कहा कि यह चुनाव केवल एक वोट नहीं, बल्कि हमारे साझा भविष्य के लिए एक नई शुरूआत है। इसलिए आइए, मिलकर इस परिवर्तन का हिस्सा बनें। उन्होंने लोगों से झोली फैलाकर वोटों की अपील की। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने इस जोश और उत्साह को बनाए रखें और आने वाली 5 तारीख को सब के निशान पर बटन दबाकर विजयी बनाएं।

# चुनावी ड्यूटी से अनुपस्थित रहने व लापरवाही करने पर एसएसटी टीम के अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतते हुए अनुपस्थित रहने पर एक अधिकारी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। थाना छांयसा की पुलिस ने चुनावी ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित और लापरवाही बरतने के आरोप में औद्योगिक एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के उप–निदेशक रविंद्र मलिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के उप–निदेशक रविंद्र मलिक 85–पृथला विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के दौरान निगरानी रखने के लिए एसएसटी टीम नंबर तीन में नियुक्त किया गया था। 21 सितंबर को टीम में उनकी ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह के छह बजे तक की निर्धारित की गई थी। पृथला विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पुलिस में दी शिकायत में बताया गया कि 26 सितंबर को रात में गठित टीम के कार्यप्रणाली की जांच करने के लिए सामान्य पर्यवेक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि एसएसटी टीम नंबर तीन में तैनात औद्योगिक एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के उप–निदेशक रविंद्र मलिक अपने निर्धारित ड्यूटी से अनुपस्थित थे और उनके स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति ड्यूटी दे रहे थे। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए आरपी एक्ट 1951 व 1988 की धारा 134, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4) व 319 के तहत पृथला विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी की शिकायत पर छांयसा थाना में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अल्का लाम्बा ने कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान के पक्ष में जनता से वोट मांगे और उदयभान को विजयी बनाने की अपील की

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अल्का लाम्बा ने शनिवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं होडल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान के पक्ष में जनसभा कर जनता से वोट मांगे और उदयभान को विजयी बनाने की अपील की। अल्का लाम्बा के साथ हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा सुधा भारद्वाज,होडल ब्लाक अध्यक्षा कुसुम सौरोत,चुनाव पर्यवेक्षक डा. सुधा प्रसाद व उदयभान के पुत्र देवेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्षा अल्का लाम्बा ने कहा कि अगर कांग्रेस की सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आशीर्वाद उदयभान पर नहीं होता हो आज वह हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष नहीं होते। आज पूरा शीष्र नेतृत्व उदयभान पर विश्वास करता है। उन्हें टिकट दी और वह स्वयं चुनाव लड रहे हैं और हरियाणा की 90 सीटों पर चुनाव लडवा भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि




केंद्र ओर प्रदेश में पिछले दस वर्षों से भाजपा की सरकार है, लेकिन मंहगाई पर कोई लगाम नहीं लगा सकी है। आज भाजपा के शासन में जो गैस का सिलेंडर एक हजार रुपए में मिल रहा है ,वही घरेलू गैस सिलेंडर चुनावों के परिणाम आने के बाद पहली कैबिनेंट की मीटिंग होने के बाद मात्र पांच सौ रुपए में मिलेगा। लाम्बा ने कहा कि प्रत्येक महिला कार्य और कमाई चाहती है,महिलाएं मेहनती होती हैं। राहुल गांधी की सोच है कि प्रत्येक महिला को रोजगार मिले। जितनी भी महिलाएं घरों पर बैठी रहती हैं, वह कांग्रेस की सरकार बनाने में सहयोग करें, उसके बाद उन्हें काम और कमाई की जिम्मेदारी कांग्रेस की होगी। रोजगार के तौर पर महिलाएं पंद्रह से तीस हजार रुपए प्रति माह तक कमाई करेंगी। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रत्येक महिला के बैंक खाते में महीने की पहली तारीख को दो हजार रुपए आऐंगे, ताकि महिलाएं बेरोजगारी और मंहगाई से लड सकें। घर के बुजुग माता पिता के खाते में पैंशन के तौर पर प्रति माह बारह हजार रुपए आएंगे। अब कोई भी बुजुर्ग अपनी औलाद के लिए बोझ नहीं बनेगा। लाम्बा ने कहा कि भाजपा ने बुजुर्गो को कभी इतनी पैंशन नहीं दी है। 3 सौ यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। बढती बेरोजगार, मंहगाई, किसान, मजदूर, व्यापारी वर्ग अपने शोषण से परेशान हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा अन्नदाता सरकार से अपनी फसल का उचित दाम मांग रहा है, लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने फसल का उचित दाम तक नहीं दिया, जिसके कारण आज किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रदेश के किसानों की फसल का उचित रेट मिलेगा, किसान का कर्जा माफ होगा और किसान को आत्महत्या करने को मजबूर नहीं होना पडेगा। अगर हमारा अन्नदाता किसान कर्ज में डूब कर आत्म हत्या करेगा,खेत और खलिहान छोड देगा तो देश की 140 करोड जनता का पेट कौन पालेगा। हमारा वायदा है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान की फसल का उचित दाम मिलेगा। किसान का कर्जा माफ होगा और किसान को आत्म हत्या करने को मजबूर नहीं होना पडेगा। अल्का लाम्बा ने लोगों से अपील कर कहा कि 5 अक्तूबर को एक एक वोट कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान के पक्ष में डालें और उन्हें विजयी बनाएं।

# होडल निर्दलीय प्रत्याशी डॉ नवीन रोहिल्ला को डोर टू डोर कैंपेन में मिल रहा है भारी जनसमर्थन



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल विधानसभा से आजाद उम्मीदवार डॉ नवीन को डोर टू डोर जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्हें भारी जनसमर्थन मिल रहा है। होडल विधानसभा के गांवो मे भारी समर्थन मिलने से डॉ नवीन रोहिल्ला काफी खुश नजर आ रही है और उनके चेहरे पर जीत की चमक बढ़ती जा रही है। होडल विधान सभा के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आठ के आंकड़े को लेकर अपना जीत का दावा कर रही है। इसी कड़ी श्याम कॉलोनी में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन लक्ष्मी देवी ने गली की सभी महिलाओं को एकत्रित कर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गली के सभी घरों मे चुनाव चिन्ह और बेलेट पेपर देकर बांसुरी के सामने वाले बटन दबाने की अपील की गई। वही दूसरी ओर आदर्श कॉलोनी कमलेश हॉसपिटल वाली गली मे लोगों ने भी अपना समर्थन दिया। लोगों को संबोधित करते हुए डॉ नवीन रोहिल्ला ने कहा कि यह भी संयोग की बात है होडल क्षेत्र ब्रज क्षेत्र का हिस्सा है मुझे ठाकुर जी का आशीर्वाद प्राप्त और हिंदी तिथि अष्टमी को मेरा नामांकन पत्र दाखिल हुआ और राधा रानी की कृपा दृष्टि से चुनाव चिन्ह भी बांसुरी मिला यह भी संयोग और ठाकुर जी की कृपा रही कि चुनाव चिन्ह इवीएम मशीन पर आठवें नंबर पर आया और चुनाव का परिणाम भी आठ तारीख को घोषित होगा। इसमें भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की इच्छा रही है मेरी आप सभी लोगों से अपील है कि ठाकुर जी में आस्था दिखाते हुए आठवें नंबर का बांसुरी के निशान पर बटन दबाकर राधा रानी का जय कारा लगा दो। आपका यह कर्ज जीतने के बाद सूद समेत वापस लौटा दूंगी। अग्रवाल स्कूल वाली कॉलोनी इंडियन गैस वाली कॉलोनी व पेच कॉलोनी के निवासियों ने भी डॉ नवीन रोहिल्ला का स्वागत किया। इस मौके आजाद उम्मीदवार डॉक्टर नवीन रोहिल्ला ने अपना चुनाव चिन्ह बांसुरी देकर आठ नंबर को बांसुरी वाले सामने के बटन को दबाने की अपील की। लोगों ने अपने दोनों हाथों को उपर उठा कर अपना समर्थन दिया।

# एक भी वोट गड्ढे में ना जाय, सोच-समझकर करें वोट: आफताब अहमद

## इनेलो जैसी पार्टी का काम है बीजेपी की मदद करना, लेकिन अब होगी जमानत जब्त

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद ने शनिवार को अपनी जनसमर्थन सभाओं में कहा कि नूंह सहित प्रदेश के सभी लोगों को अपनी वोट सोच समझकर डालनी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि एक भी वोट गड्ढे में ना जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और पार्टी 75 से अधिक सीटों पर चुनाव जीत दर्ज करेगी। आफताब अहमद ने साफ साफ कहा कि इनेलो पार्टी का मकसद ही बीजेपी पार्टी की मदद करना है। उन्होंने कहा कि नूंह से इनेलो प्रत्याशी के पिता बीजेपी के नेता हैं और एक समझोते और शाजिस के तहत चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन जनता इनकी नियत पहचान चुकी है और इनकी जमानत जब्त होने जा रही है। शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को विधानसभा के गाँव बाबूपुर में जोरदार समर्थन मिला जहां कई दर्जनों लोगों ने विभिन्न दलों को छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दिया। समर्थन देने वालों में इरशाद, एडवोकेट आरिफ, जफ़र, दाऊद, महमूद, महबूब, रती खाँ, सब्बीर, सद्दीक, शहीद, आसिफ, आसु, नफ़ीश, फ़ज़र ख़ाँ, जफ़रू, सोहराब, अख़लाक़, फ़ख़रू, अलादीन, जाहुल, मुस्तक़ीम उर्फ़ मोटा, रहमान नंबरदार, अहमुद्दीन, खुर्शीद सरपंच, इक़बाल, आक़ूब, खेराती, आलम, महक़त, अकबर, इलियास, मुस्ताक उर्फ़ केंडा, अज़हरुद्दीन, ज़ावेद, बदलू आदि शामिल थे। उधर नूंह के गाँव शाहपुर नंगली में भी कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को जन समर्थन मिला। बड़े जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया गया जिसमें युवा, बुजुर्ग, महिलाएं शामिल थी। समर्थन देने वालों में हाजी नुसरत एक्स सरपंच, शकील गल्लड़, अब्दुल मन्नान, पिरोजा, शोयब वकील, ज़ाकिर, हाजी अब्दुल, उमर दीन, हाजी नब्बू, यूसुफ, रहमान, साकिर, हाजी हकमुद्दीन, जानू, हारून, मुबीन, दाऊद, शकील, नूरू, शहीद, आस मोहम्मद, आसिक़ इलाही, कमाल, हाजी कमाल, अरशद, नसरू, आसिफ, नियाज़ मोहम्मद एडवोकेट, असगर, संजय, चंद्र, रोशन आदि मौजूद थे।



कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी ने दस सालों में नूंह को काफी पीछे कर दिया है क्योंकि विकास की परियोजनाओं से इलाका महरूम रखा गया है। कांग्रेस की मंजूरशुदा परियोजनाएं बीजेपी सरकार ने लटका दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर पूरे नूंह जिले में विकास की रफ्तार को तेज गति दी जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मूल भूत सुविधाओं, खेल सुविधाएं, उपलब्ध कराने का काम किया जाएगा। सिंचाई सुविधाएं भी दुरूस्त की जाएंगी। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि इनेलो और बीजेपी दोनों के प्रत्याशी पूरे पांच सालों में नूंह के लोगों के बीच में नहीं थे। एक दूसरे हल्के में थे तो दूसरे सिर्फ निजी स्वार्थों के लिए बीजेपी में थे और आज भी उनके पिता बीजेपी में हैं। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि नूंह जिले के लिए बीते दस साल खराब रहे हैं, एक तो विकास नहीं हुआ दूसरा स्थानीय भाईचारे को भी निशाना बनाया गया। बीजेपी सरकार और प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित रहे थे। आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी के नेता के बेटे इनैलो के प्रत्याशी हैं ये तथ्य साफ सबूत है कि बीजेपी और इनेलो मिले हुए हैं। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि जनता जागरूक है और इनकी जमानत जब्त करने जा रही है। आफताब अहमद ने कांग्रेस को समर्थन देने वाले लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इलाके के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# हरियाणा में रिकॉर्ड तोड वोटों से जीत दर्ज करेंगे मामन खान : राज बब्बर

## मेवात की 36 बिरादरी को साथ लेकर करूंगा विकास : मामन खान



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जिस तरह लोकसभा चुनाव में मुझे वोट दिया था, इसी तरह 5 अक्टूबर को मामन खान को भारी वोटो से जीताकर विधानसभा में भेज देना। जिससे मेवात की भलाई और विकास के लिए मामन खान आपकी आवाज को विधानसभा में बुलंद कर सके। उक्त बातें गुड़गांव लोकसभा प्रत्याशी राज बब्बर ने नगीना गोरवाल चौक पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और मेवात से कांग्रेस की सभी सीटें जीत रही हैं। कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में मेवात में यूनिवर्सिटी, फोरलेन और दूसरे विकास कार्य कराए जाएंगे।

इस दौरान नगीना की सरदारी की तरफ से हुए जन समर्थन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मामन खान ने कहा कि आज जो नगीना की सरदारी ने इतने बड़े जनसैलाब के साथ उनका सम्मान कर उन्हें समर्थन दिया है, उसके लिए वह हमेशा नगीना वासियों का आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने 5 साल पहले उन्हें विधायक बनाकर विधानसभा में पहुंचाया था और उन्होंने आपके हकों की आवाज को विधानसभा में उठाया था, लेकिन कुछ विकास कार्य अधूरे रह गए जो भाजपा सरकार ने नहीं किए। मामन खान ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही ,जहां मेवात में शिक्षा स्वास्थ्य और युवाओं को रोजगार दिलाने का काम किया जाएगा, वही मेवात जिले के स्कूलों में अध्यापकों की कमी को पूरा कराकर यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा का इंतजाम कराया जाएगा। मामन खान ने कहा कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र की जनता के मिल रहे प्यार और समर्थन से ऐसा लग रहा है कि वह इस बार हरियाणा में रिकॉर्ड तोड़ वोटो से जीत कर इतिहास रचेंगे और मेवात का नाम देश और प्रदेश में रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मिल रहे प्यार और सम्मान के लिए हमेशा जनता के आभारी रहते हुए आखरी सांस तक क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहेंगे। खान ने कहा कि वह हमेशा आपके बीच में रहें हैं और आपके हर सुख दुख में आपके बीच में बैठकर विकास की नई इबारत लिखेंगे। इससे पहले मामन खान इंजीनियर का नगीना की सरदारी ने फूल मालाओं से पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत करते हुए समर्थन दिया। नगीना की सरदारी ने कहा कि मामन खान की कार्यशैली ने मेवात की जनता का दिल जीत लिया है, जिससे पूरे क्षेत्र की जनता उनके साथ खड़ी है और मामन को भारी वोटो से चुनाव जीताकर विधानसभा भेजा जाएगा। इस दौरान मामन खान इंजीनियर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगीना खंड के सभी गांवों के लोग जहां उन्हें भरपूर प्यार और समर्थन दे रहे हैं और उनके समर्थन और सम्मान कार्यक्रमों में जन सैलाब उमड़ रहा है वह उसके लिए क्षेत्र की जनता के आभारी हैं। इतना ही नहीं फिरोजपुर झिरका खंड के गांवों में भी लगभग 90% जनता का उन्हें समर्थन और प्यार मिल रहा है। जिससे आने वाले समय में फिरोजपुर झिरका का विकास एक नया आयाम स्थापित करेगा। मामन खान ने कहा कि वह राजनीति में नेता नहीं बल्कि जनसेवक बनकर काम कर रहे हैं और जन सेवक बनकर ही काम करेंगे। जिससे मेवात के युवाओं और मेवात की जनता का भला हो सके। इस दौरान फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के सभी चौधरी व मोजिज व्यक्ति मोजूद रहे।

# दादा शाह चोखा गांव में एतिहासिक जनसमर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा : जावेद एडवोकेट



**पुन्हाना की जनता का विकास कराना ही होगा मुख्य उद्देश्य : हबीबुर्रहमान**

**पुन्हाना बाइसी के शाह चोखा गांव में कांग्रेस के लिए उमड़ा जनसैलाब**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पुनहाना से कांग्रेस के प्रत्याशी मोहम्मद इलियास के लिए शाह चोखा में जन समर्थन कार्यक्रम में उमड़े जन सैलाब के लिए पुनहाना सिरोली बाइसी के लोगों का हमेशा आभारी रहूंगा इतना ही नहीं गांव शाह चोखा में जो सरदारी ने मान सम्मान और समर्थन देकर पगड़ी बांधी है उसकी हमेशा लाज रखी जाएगी। उक्त बातें मोहम्मद इलियास के साहबजादे चौधरी जावेद एडवोकेट ने कही।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पुनहाना से जो निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहा हैं,वो भाजपा की बी टीम है,लेकिन सबको पता है कि वह भाजपा की गोदी में बैठकर राजनीति करते हैं और वैसे भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता जी मोहम्मद इलियास ने विधायक रहते हुए गांव शाह चोखा में बिजली का 33 केवी सब स्टेशन बनवाने के लिए डिमांड भेजी हुई थी, लेकिन चुनाव में आचार संहिता लगने के बाद यह कार्य पूरा नहीं हो सका। कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले गांव शाह चोखा में 33 केवी बिजली का सब स्टेशन बनवाने का काम किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक हबीबुर रहमान ने कहा कि गांव शाह चोखा उनका अपना और पारिवारिक गांव है। यहां वो एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते हैं और यह हमारी बाइसी का बड़ा और दादा साह चोखा का गांव है। जिनकी दुआओं और बरकतों से आज वह इस मुकाम पर है। उन्होंने कहा कि आज जो गांव शाह चोखा की सरदारी ने उन्हें समर्थन दिया है वह उसके लिए हमेशा शाह चोखा का आभारी रहेंगे और गांव शाह चोखा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज पुनहाना में उनका चुनाव एक तरफा है और हर गांव में लगभग 60 से लेकर 70% लोग उन्हें वोट दे रहे हैं।

आज प्रदेश में कांग्रेस की लहर को देखते हुए हर व्यक्ति सरकार के साथ रहना चाहता है और मोहम्मद इलियास को वोट दे रहा है। जिससे मोहम्मद इलियास भारी वोटो से चुनाव जीत कर विधानसभा में पांचवीं बार पहुंचेंगे और रिकॉर्ड तोड़ विकास करेंगे। इस दौरान यादराम गर्ग मेवाती, इरशाद चेयरमैन, इब्राहिम इंजीनियर, हाजी अख्तर हुसैन, शौकत घुड़चड़ी, साकेत सरपंच, असगर सरपंच, सुन्नी सरपंच, हिकमतुलला, असगर सरपंच, तैयब चैयरमेन सिंगार, मकसूद जिला पार्षद, गुलदीन कुरैशी व गांव शाह चोखा की समस्त सरदारी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# घर बैठकर ऑनलाइन कार्य करने का झांसा देकर पूर्व फौजी से साइबर ठगों ने ठगे 11847353 रूपये

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** घर बैठे ऑनलाइन कार्य कर मोटी रकम कमाने के चक्कर में खैराना गांव के पूर्व फौजी ने करोडों रूपये गवां दिए। जिनकी रिकवरी के लिए जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में कनीना खंड के गांव खैराना निवासी पूर्व फौजी सुनील कुमार ने बताया कि बीती 9 जुलाई को उसकें मोबाईल पर ऑनलाइन कार्य कर घर बैठे कमाई करने का संदेश आया। जिसके माध्यम से उसे घर बैठे कार्य करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। 12 जुलाई को उसके पास वेब लिंक आया जिस पर क्लिक किया तो क्रश 24 नाम से साईट खुल गई। जिस पर बताई गई जानकारी भरकर पंजीकरण कर दिया। उसके बाद उसे ऑनलाइन ग्रुप ज्वाईन करवाया गया। जिस पर प्रतिदिन क्रश24 नामक वेबसाईट पर कुछ टास्क पूरे करने को कहा गया। ये कार्य करने के बाद वेबसाईट पर बने उसके खाते में 1015 रूपये जमा हो गए। जिसे सुनील कुमार ने अपने बैंक खाते में डाल लिये। 13 जुलाई को एक टास्क ओर दिया गया जिसको पूरा करने के बाद क्रश 24 वाले खाते में 12 हजार रूपये दिखाए गए। उसके बाद जालसाज उससे टास्क पूरे करवाते रहे ओर अलग-अलग कई खातों में उससे रूपये डलवाते रहे। ईधर क्रश 24 वेबसाईट पर बने खाते में रूपये बढते गए। जिससे प्रेरित होकर उसने स्वयं के अलावा दोस्त वरिश्तेदारों से नकदी उधार लेकर हैकर्स के कहे अनुसार दिए गए बैंक खातों में अलग-अलग तिथियों को कुल 11847353 रूपये जमा करवा दिए। जबकि उसके खाते में 15203443 रूपये प्रदर्शित हो रहे हैं,दिलचस्प बात है कि उपरोक्त राशि निकाली नहीं जा रही है।

# घर घर तक नशा मुक्ति का सन्देश ताकि नशा मुक्त हो देश: एनसीबी हरियाणा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**पलवल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार साहब के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध एक जन आंदोलन खड़ा कर नशा मुक्त हरियाणा की नींव रखी जा चुकी है। बुरी द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को निरंतर सलाखों के पीछे पहुँचाया जा रहा है तो नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम कर भी लोगों को इस अभियान से जोड़ने का अटूट कार्य किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक साइकिल के



साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को घर घर तक लेकर जा रहे हैं। वे आज पलवल में थे। हथीन से साइकिल पर सवार होकर मलोखड़ा, भंगुरी, दुर्गापुर, रतीपुर, रायपुर और पलवल पहुंचे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतीपुर में एक दिवसीय 20 और 21 वां जागरूकता कार्यक्रम किया। विद्यालय की प्राचार्या सविता की उपस्थिति में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को एकत्रित कर उनके साथ नशे से दूर रहने के उपायों पर चर्चा करते हुए ब्यूरो के डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता, अभिभावक और शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। उनकी समस्याओं जो जानने का प्रयास करें। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें। उसके व्यवहार पर ध्यान दें। यदि व्यवहार में कोई परिवर्तन मिलता है तो बच्चे के साथ बैठकर समस्या का पता लगाएं और यह सुनिश्चित करें कि कहीं बच्चा किसी कुसंग में तो नहीं पड़ा। कोई नशा तो नहीं ले रहा। समय समय पर उसके शयनकक्ष का निरिक्षण करें। कोई समस्या होने पर मनोचिकित्सक से परामर्श लें। प्रत्येक ज़िले के सरकारी अस्पताल में निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र हैं। नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर देकर एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें। तत्पश्चात डॉ अशोक कुमार वर्मा पलवल में स्थित डॉ बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में पहुंचे और प्रवक्ता डॉ बाबू लाल शर्मा से भेंट कर जागरूकता कार्यक्रम की योजना बनाई।

# अपना सहयोग डाल दो, फरीदाबाद में विकास की जिम्मेदारी मेरी : विपुल गोयल

## विपुल गोयल के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल ने कहा कि देश की एवं प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जो काम किए हैं, वो आप लोगों के सामने है। कांग्रेस और भाजपा के कार्यकाल का अंतर आंकलन आप स्वयं कर सकते हैं और अपने हित को ध्यान में रखकर मतदान करें। विपुल गोयल ने शनिवार को नहर पार खेड़ी रोड स्थित हनुमान नगर में सोनू गुप्ता एवं क्षेत्र के बड़े गांव सीही के चरण सिंह चौक पर हितेश नंबरदार एवं अनिल तेवतिया द्वारा आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर उपस्थित भारी जनसमूह को देखे उत्साहित विपुल गोयल ने कहा कि मैं जनता के प्यार को समझता हूं। पिछले 5 साल जिस प्रकार से आप लोगों ने वियोग झेला, उसी प्रकार मैंने भी वियोग झेला। लेकिन, अब समय आ गया है भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर मुझे मौका दिया है आप लोगों की सेवा करने का।

विपुल गोयल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठी और लोगों को भ्रमित करने वाली पार्टी है। उसने देश को बहुत पीछे की गिनती में लाकर खड़ा कर दिया, लेकिन मात्र 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने दिन-रात एक करते हुए भारत को विकसित देशों की सूची में लाकर खड़ा कर दिया है। आज भारत की गिनती विश्व के टॉप 5 देशों में की जाती है। इसलिए गलती न करें और देश एवं प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान दें। महिलाएं, बुजुर्ग, कर्मचारी, किसान सभी को मजबूती प्रदान करने का काम भाजपा ने किया। इसलिए आने वाली 5 तारीख को अपना एक-एक वोट कमल के फूल पर डालकर प्रदेश में फिर से कमल खिला दें, विपुल गोयल आपको भरोसा दिलाता है फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास की जिम्मेदारी मेरी। आज फरीदाबाद में केएमपी, मुंबई एक्सप्रेसवे, रेलवे स्टेशन, आईएमटी को विकसित करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है।



उन्होंने कहा कि विपुल गोयल न कभी नेता था न होगा। वो आपका भाई, आपका बेटा है। 2014 का कार्यकाल भी आपने देखा, मेरे क्षेत्र की जनता ने मुझे जो आदेश दिया, विपुल ने उसे पूरा करने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का उत्सव है और इस उत्सव में हमारी मातृशक्ति की भूमिका अहम है। मुझे विश्वास है इस बार हमारी मातृशक्ति अपना वोट प्रतिशत बढाकर अपना योगदान सुनिश्चित करेंगी। विपुल ने क्षेत्र के लोगों से अपील की, कि मेरी जीत को इतना बड़ा बना दो कि जब मैं मुख्यमंत्री के पास काम के लिए जाऊं, तो कह सकूं कि इतनी वोट मेरी जनता ने मुझे दी है और इसी हिसाब से मुझे काम दे दो। आने वाली 5 तारीख तक आप सभी विपुल गोयल बनकर मेरा साथ दे दो, 5 साल आपको शिकायत का मौका नहीं दूंगा। उन्होंने जनसभा में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया और भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने की अपील की।

# तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी लगाएगी मेरी चुनावी नैय्या पार : ललित नागर

## पंचायती उम्मीदवार का ऐतिहासिक गांव तिलपत में हुआ भव्य स्वागत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने बाबा सूरदास की ऐतिहासिक धर्मस्थली गांव तिलपत की ऐतिहासिक धरती को नमन करते हुए कहा कि मैंने आपकी बीस सालों से निस्वार्थ एक सेवक के रुप में सेवा की है, आपके सुख-दुख में शामिल रहा हूं, कांग्रेस पार्टी की भी सेवा की, लेकिन किन्हीं कारणों से पार्टी ने मेरा टिकट काट दिया और मुझे अब पार्टी निष्कासित भी कर दिया, मुझे इसकी कोई परवाह नहीं क्योंकि मेरा लक्ष्य तिगांव क्षेत्र का समुचित विकास करवाना है और जब जनता जनार्दन मेरे साथ है तो मुझे किसी पार्टी की कोई आवश्यकता नहीं है। जनता से बड़ी कोई पार्टी नहीं होती, जनता-जनार्दन ही लोकतंत्र में सर्वोपरि मानी जाती और वह स्वयं को खुशनसीब मानते है कि तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी का आर्शीवाद उनके साथ है और इसी आर्शीवाद के बलबूते तिगांव क्षेत्र की जनता यह चुनाव जीतकर अहंकारियों का घमंड तोडने. का काम करेगी। श्री नागर बीती रात पिंटू सरपंच, रविन्द्र पाराशर एवं गांव की मौजिज सरदारी द्वारा तिलपत स्थित शगुन गार्डन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान छत्तीस बिरादरी के लोगों ने बड़ी माला पहना एवं उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधते हुए उनके पक्ष में हुंकार भरी। नागर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में भी क्षेत्र का विकास करवाने में असफल रहे भाजपा विधायक अब औछी राजनीति पर उतर आए है, उन्होंने अपने एक समर्थक, जिसका नाम भी ललित नागर है, का नामांकन केवल और केवल इसलिए दाखिल करवा दिया ताकि जनता गुमराह हो जाए और मेरे को मिलने वाले वोट उसे मिल जाए। लेकिन वह यह भूल गए कि जिस छत्तीस बिरादरी ने उन्हें अपनी टिकट दी है, वह जनता



ललित नागर की मेहनत, उसके संघर्ष और व्यक्तित्व को भली भांति जानती है, विरोधी चाहे कितने भी औछे हथकंडे अपना ले, यह चुनाव तिगांव क्षेत्र की जनता के मान सम्मान का चुनाव है, जिसे जनता स्वयं जीतेगी। श्री नागर ने कहा कि वह आपसे निवेदन करने आए है कि मैंने हमेशा आपको अपना परिवार माना है और आज मैं संकट में हूं और आप ही मेरे नैय्या पार लगा सकते हो इसलिए आगामी 5 अक्टूबर को मेरे चुनाव चिन्ह 'चार नारियल के पेड़' के निशान का 10 नंबर बटन दबाकर मुझे इतनी शक्ति प्रदान करे ताकि में यहां से जीतकर आपकी सभी समस्याओं को दूर करने की ताकत हासिल कर सकूं और हम सभी मिलकर अपने तिगांव क्षेत्र को विकसित और बेहतर क्षेत्र बना सके। जनसभा के आयोजक पिंटू सरपंच एवं गांव की छत्तीस बिरादरी ने एक स्वर में ललित नागर को विश्वास दिलाया कि अबकि बार तिगांव से पंचायती उम्मीदवार के रुप में वह जीतकर विधानसभा अवश्य पहुंचेंगे।

# भाजपा सरकार में विकास से अछूता रहा फरीदाबाद क्षेत्र : लखन सिंगला

## कांग्रेस प्रत्याशी का दौलताबाद, ठाकुरवाड़ा सहित कई क्षेत्रों में हुआ जोरदार स्वागत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने अपने चुनावी अभियान के तहत गांव दौलताबाद, ठाकुरवाड़ा, पुरानी चुंगी, सैनी मोहल्ला, अजरौंदा, डेयरी योजना नहरपार, राजीव नगर, सेक्टर-15, सेक्टर-16 में तूफानी दौरे करके सभाओं को संबोधित किया और लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभाओं में जहां जगह-जगह लखन सिंगला का लोगों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया वहीं उन्हें अपना समर्थन देते हुए विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने लखन सिंगला के पक्ष में चुनावी हुंकार भरते हुए कहा कि फरीदाबाद 89 क्षेत्र का प्रत्येक कांग्रेसी आज लखन सिंगला के साथ खड़ा है और इस बार क्षेत्र की जनता ने मन बना लिया है, लखन सिंगला ही उनके विधायक होंगे। सभाओं में उपस्थितजनों को



संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला ने कहा कि यह चुनाव फरीदाबाद क्षेत्र के विकास का चुनाव है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दस सालों में इस क्षेत्र को नरक बना दिया है, टूटी सडकें, ओवरफ्लो सीवरेज, पीने के पानी की कमी से यहां की जनता त्रस्त है, स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपाईयों ने केवल जनता की खून पसीने की कमाई को घोटालों के माध्यम से हड़पने का काम किया है, लेकिन अब समय गया है, जब हम सभी को एकजुट होकर वोट की चोट से इस जनविरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फैंकना होगा। लखन सिंगला ने कहा कि दौलताबाद गांव के निवासी आज भी वर्ष 2016 के उस अत्याचार को नहीं भूले है, जब तत्कालीन विधायक एवं मौजूदा भाजपा प्रत्याशी के निर्देशों पर पुलिस ने न केवल हमारी माताओं-बहनों पर लाठियां बरसाई बल्कि 17 लोगों को जेल में डालकर उनका जीवन खराब करने का काम भी किया था, आज मौका है कि दौलताबाद का जन-जन अपने ऊपर हुए इस अत्याचार का बदला वोट की चोट से ले। श्री सिंगला ने कहा कि फरीदाबाद की बदहाली देखकर उनका मन रोता है, वह चाहते है कि फरीदाबाद शहर को वास्तव में स्मार्ट बनाया जाए, ऐसा फरीदाबाद, जहां की सभी कालोनियां, स्लम बस्तियां व सेक्टरों में सभी मूलभूत सुविधाएं लोगों को मिले, सरकार लोगों को उनके मौलिक अधिकार प्रदान करे और ऐसा तभी संभव हो पाएगा, जब समूचे हरियाणा में कांग्रेस के प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा संख्या में जीतकर विधानसभा में पहुंचेंगे और कांग्रेस की सरकार बनेगी, इसलिए इस बार फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें और प्रदेश में चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनाने का काम करे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, राव महेंद्र, संजय कौशिक, डालचंद डागर, सुभाष पांचाल, दीपक रावत ने भी लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला को विजयी बनाने की पुरजोर अपील की।

# बडखल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए धनेश अदलक्खा को जिताएं : दीप मनी

## पंजाबी सिंगर दीप मनी के गानों पर जमकर झूमे श्रोता

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने बीती रात एनआईटी दो नंबर स्थित लखानी धर्मशाला से विशाल पदयात्रा निकालकर लोगों से अपने लिए समर्थन मांगा। पदयात्रा लखानी धर्मशाला से आरंभ होकर दो नंबर जे ब्लाक, एच ब्लाक, के ब्लाक, एल ब्लाक, एन ब्लाक होते हुए एम ब्लाक पर सम्पन्न हुई। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह लोग भारी संख्या में इसमें जुड़ते गए और जगह-जगह धनेश अदलक्खा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा के समापन स्थल एम ब्लाक में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में प्रसिद्ध पंजाबी सिंगर दीप मनी ने 'डॉप-शॉप' गाना गाया तो उपस्थित लोग मंत्रमुगध होकर



खूब झूमे। इस मौके पर पंजाबी गायक दीप मनी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा एक नेक दिल इंसान है और इनमें जनसेवा की भावना कूट-कूट कर भरी है। उन्होंने कहा कि जब वह धनेश भाई मुझे बुलाते है, तब-तब वह उनके प्रचार के लिए आए है और आज जब वह विधानसभा का चुनाव लड़ रहे है तो वह लोगों से यही अपील करते है कि धनेश अदलक्खा जी को विधायक चुनो, यह आपकी सभी समस्याओं का समाधान कराएंगे। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने कहा कि यह चुनाव बडखल क्षेत्र के विकास का भविष्य तय करेगा, पिछले दस सालों से भाजपा सरकार ने जो वहां विकास का सिलसिला शुरू किया है, जनता उसे आगे भी जारी रखना चाहती है और जिस प्रकार से उन्हें छत्तीस बिरादरी का समर्थन मिल रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि जनता बडखल में फिर से कमल खिलाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक वोट मुझे तो मजबूत करेगा ही साथ ही साथ हरियाणा में मजबूत भाजपा सरकार बनाने में अपनी भागेदारी निभाएगा। जब हरियाणा में भाजपा की मजबूत सरकार होगी, तो बडखल का सर्वांगीण विकास करवाया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह कांग्रेसियों के झूठे प्रलोभनों में न आए और विकास के साथ जाते हुए भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर हरियाणा को सशक्त बनाने का काम करे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, पूर्व पार्षद जसवंत सिंह, मनोज नासवा, अमित आहुजा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नए विजन के तहत करूंगा एनआईटी क्षेत्र का समग्र विकास : नगेंद्र भड़ाना

## इनेलो-बसपा प्रत्याशी को चुनावी अभियान के तहत मिल रहा सर्व समाज का समर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी 86 से इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना को चुनाव प्रचार अभियान के दौरान समाज की छत्तीस बिरादरी का समर्थन मिल रहा है, जिससे उनकी स्थिति दिनोंदिन मजबूती होती जा रही है। नगेंद्र भड़ाना जहां-जहां भी सभाएं करने जाते है, वहां-वहां लोगों का हजूम उन्हें सुनने और उनका स्वागत करने के लिए उमड़ पड़ता है।

लोग इस बार उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का मन बना चुके है। इसी कड़ी में इनेलो-बसपा गठबंधन प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना ने आज अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत संजय कालोनी, पर्वतीया कालोनी जवाहर कालोनी, जीवन नगर, गौंछी, राजीव कालोनी, प्रतापगढ़, सेक्टर-55 आदि में जनसंपर्क करके लोगों से अपने पक्ष में वोट मांगे।

इस दौरान जगह-जगह लोगों ने श्री भड़ाना का फूल मालाओं से स्वागत किया उन्हें भारी बहुमत से विजय बनाने का विश्वास दिलाया। इस मौके सभाओं को संबोधित करते हुए नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि 2014 में जब जनता ने उन्हें विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा था तो पांच सालों तक उन्होंने एक लायक बेटे की तरह क्षेत्र की सेवा की और यहां अनेकों विकास परियोजनाएं क्रियानवित की। सडक् से लेकर सीवरेज और पीने के पानी की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया, लेकिन 2019 में जब कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा



यहां से चुने गए, उन्होंने पांच सालों में एनआईटी क्षेत्र को पूरी तरह से बदहाल बना दिया, क्षेत्र की हर कालोनी में समस्याएं व्याप्त है, लोग जलभराव से परेशान है, सीवरेज जाम से परेशान है, जब लोग अपने फरियाद लेकर विधायक के निवास जाते है तो उन्हें वहां से यह कहकर भगा दिया जाता है कि आपने हमें वोट नहीं दिया। श्री भड़ाना ने कहा कि अगर जनता ने मुझे मतरुपी आर्शीवाद देकर विजयी बनाया और चंडीगढ़ भेजा तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि एक विजन के तहत एनआईटी क्षेत्र का समग्र विकास करूंगा।

# पृथला क्षेत्र का विकास करवाना ही एकमात्र एजेंडा : पं. टेकचंद शर्मा

## भाजपा प्रत्याशी को गांवों में मिल रहा छत्तीस बिरादरी का जनसमर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा है कि उन्होंने हमेशा ईमानदारी और साफ नीति की राजनीति की है, कभी झूठ नहीं बोला और सदैव क्षेत्र के भाईचारे को बढ़ावा देते हुए विकास को हमेशा प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि वह राजनीति केवल जनसेवा की भावना के लिए करते है, जब 2019 में भाजपा पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो वह बागी नही हुए बल्कि सच्चे सिपाही की तरह पार्टी के साथ जुडक़र अपना दायित्व निभाया। इस बार पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है और वह लोगों को भरोसा दिलाते है कि क्षेत्र का विकास करवाना ही उनका एकमात्र एजेंडा रहेगा। श्री शर्मा अपने चुनावी अभियान के तहत गांव प्याला, बारहे के बड़े गांव डींग, महमूदपुर, फतेहपुर बिल्लौच, पन्हेड़ा कलां, पन्हेड़ा खुर्द, चंदावली आदि में सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांवों में ग्रामीणों ने टेकचंद शर्मा को ऊंट पर बिठाकर रोड शो निकाला, जहां गांवों के मौजिज लोगों ने पं. टेकचंद शर्मा का पुष्प वर्षा कर, चांदी का मुकुट पहनाकर और सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। सभाओं को संबोधित करते हुए टेकचंद शर्मा ने कहा कि आपने पांच साल का मेरा विधायक कार्यकाल देखा है, मैंने हर वर्ग को साथ लेकर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी और आगे भी अगर आपने आर्शीवाद दिया तो एक विजन के तहत हम पृथला क्षेत्र का



विकास करेंगे। भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दो-दो बार हारने के बावजूद वह तीसरी बार चुनावी समर में उतरे है, जबकि सच्चाई यह है कि जनता ने उन्हें नकार दिया है, ऐसे में वह राजनीति क्यों नहीं छोड़ देते ताकि किसी अन्य युवा साथी को आगे बढने.का अवसर मिले। टेकचंद शर्मा ने कहा कि ऐसे झूठे लोगों के बहकावे में न आए और क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च रखते हुए भाजपा को वोट दे क्योंकि आपके द्वारा दिया गया वोट मुझे मजबूती प्रदान करेगा और मैं मजबूत बनूंगा तो प्रदेश में भाजपा की लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# गीता डागर ने जनसंपर्क कर मांगे अपने पति दीपक डागर के लिए वोट

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी दीपक डागर की धर्मपत्नी गीता डागर ने अपने पति की चुनावी कमान संभालते हुए शनिवार को गांव दयालपुर, हरफली, भुर्जा सहित कई गांवों में घर-घर दस्तक देते हुए ग्रामीणों से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र के समुचित विकास के लिए आगामी 5 अक्टूबर को उनके पति के चुनाव चिन्ह 'बैट' पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करके उन्हें विजयी बनाएं। इस दौरान गीता डागर का गांव की महिलाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें आश्वासन



दिया कि उनका एक-एक वोट 'बैट' के चुनाव चिन्ह पर ही जाएगा। इस दौरान गीता डागर ने कहा कि उनके पति दीपक डागर पिछले कई वर्षो से पृथला क्षेत्र की जनता की सेवा में जुटे हुए है, गांवों में साफ सफाई का काम करवाना हो, स्ट्रीट लाईटें लगवाना हो, इंटरलॉकिंग टाइलें लगवाना हो या फिर लोगों की अन्य समस्याओं को दूर करवाना हो, या फिर लोगों के सुख-दुख में भागेदारी निभाना हो, उन्होंने हमेशा यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए है लेकिन भाजपा ने उनकी मेहनत और जनभावनाओं को दरकिनार करते हुए बाहरी उम्मीदवार को टिकट थमा दिया। लेकिन समाज की छत्तीस बिरादरी ने उन्हें अपना उम्मीदवार चुनकर चुनावी मैदान में उतारा है इसलिए अब जनता का दायित्व बनता है कि वह अपने भाई और बेटे को भारी मतों से विजयी बनाकर भेजे ताकि वह उनके हक-हकूक की आवाज बुलंद करते रहे। गीता डागर ने कहा कि पृथला क्षेत्र के विकास के लिए अपने पति की मेहनत और उनके संघर्ष से प्रभावित होकर वह भी अब चुनावी समर में उतरी है और उनके लिए प्रचार प्रसार कर समर्थन जुटा रही है।

# पृथला के लोगों का जोश बता रहा कांग्रेस जीतेगी : रघुबीर तेवतिया

## कांग्रेस प्रत्याशी को चुनावी सभाओं में मिला जोरदार समर्थन, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधसानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया ने शनिवार को अपने चुनावी प्रचार अभियान के तहत जोरदार दस्तक दी। उनका जहां आधा दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं में जोरदार स्वागत किया गया वहीं जहां-जहां से उनका काफिला गुजरा वहां-वहां रोड पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर व मिठाई खिलाकर अपने खुले समर्थन का ऐलान भी किया।

उन्होंने अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत कबूलपुर से की उसके उपरांत लधियापुर, जकोपुर, बीजोपुर, फिरोजपुर कलां व सरुरपुर में आयोजित चुनावी सभाओं में पगडी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया ने भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि आप लोगों की भारी संख्या और जोश बता रहा है कि पिछले दस साल में पृथला क्षेत्र में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है तथा जाति-धर्म व वर्ग विशेष के नाम पर आपकी भावनाओं के साथ खेला गया गया है, लेकिन अब समय आ गया है कि इनके भ्रष्टाचार और अहंकार को वोट की ताकत से तोडने का। क्योंकि लोकतंत्र में वोट ही सबसे बडा हथियार है इसलिए एकजुट हो इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को उखाडकर फेंकें, ताकि लोगों के जीवन में फिर से खुशहाली आ सके। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों में कांग्रेस के पक्ष में हवा चल निकली है और पृथला क्षेत्र में तो एक करहै से कांग्रेस के पक्ष में आंधी का रूप ले लिया है उससे दूसरी पार्टियां निराश व हताश हैं। मैं पूर्व में अपने विधायक काल में किए गए अपने विकास कार्यों और कांग्रेस के घोषणापत्र के नाम पर वोट मांग रहा हूं। इसलिए आप मुझे अपना आर्शीवाद दें मैं आपको विश्वास दिलातू हूं कि पृथला क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भाईचारा बढाकर ईमानदारी की मिशाल पेश करूंगा वहीं बेराजगारी पर चोट मारते हुए युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे।

## संपादकीय

# शक्तिशाली देशों में भारत तीसरे स्थान पर



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिट्यूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है।

उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर क्वाड के सदस्य देश हैं – अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है।

# राम-राम, यह धारा 370 हटने का असर है!

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की प्रशंसा की और इस संबंध में एक घटना का वर्णन किया जब एक मौलवी ने उन्हें राम राम कहकर अभिवादन किया। हरियाणा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि मैं विधानसभा चुनाव के लिए पिछले 2 दिनों से जम्मू–कश्मीर में था। वहां बारिश हो रही थी। इसलिए, मैं सीधे हवाई अड्डे के अंदर चला गया। जब मैं अंदर गया, तो एक आदमी ने कहा योगी साहब राम राम। इसके बाद कुछ देर बाद मैंने देखा, वह एक मौलवी था, मैं मौलवी के मुंह से राम–राम सुनकर हैरान रह गया...यह धारा 370 हटने का असर है। कांग्रेस की आलोचना करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस समस्याओं का नाम है। सभी राष्ट्रीय समस्याएं कांग्रेस के कारण हैं। उन्होंने कहा कि भारत का विभाजन, जाति, धर्म और भाषा के आधार पर भारत को कमजोर करना, भारत को आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद और अराजकता की ओर धकेलना और भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद और भाई–भतीजावाद फैलाना, यह सब कांग्रेस की देन है। दूसरी तरफ, भाजपा है जो (समस्याओं का) समाधान है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के फरीदाबाद एनआईटी विधान सभा क्षेत्र की जनता का उत्साह भाजपा की रिकॉर्ड विजय सुनिश्चित कर रहा है।

योगी ने साफ तौर पर कहा कि जो भारत की संप्रभुता को चुनौती देते थे, आज उनके मुंह से भी राम–राम निकल रहा है। 10 वर्षों के अंदर हरियाणा ने विकास की एक नई यात्रा प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि जहां–जहां भाजपा की सरकार है, वहां सुरक्षा है, सुशासन है, विकास है...। विकसित भारत के लिए भारतीय जनता पार्टी आवश्यक है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर हम बंटे नहीं होते...तो न श्री राम मंदिर टूटता, न श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर गुलामी का ढांचा तैयार होता और न ही देश को गुलाम होना पड़ता।

# फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता का प्यार और विश्वास हमारे साथ : अमन गोयल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल के प्रचार में उनके भतीजे अमन गोयल ने भी तेजी लाते हुए शनिवार को ताबड़तोड़ क्षेत्र में दौरे किए और उनके समर्थन में वोट देने की लोगों से अपील की। अमन गोयल सेक्टर–88 आरपीएस पॉल्म ड्राइव में पहुंचे जहां उनका सुशीला, गोविंद एवं रविकांत ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अमन गोयल ने भारतीय जनता पार्टी के हित में मतदान कर प्रदेश में तीसरी बार कमल खिलाने की बात कही और सभी लोगों से इस सहयोग में अपनी–2 भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं युवाओं एवं पुरुषों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर विपुल गोयल को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया।



अमन गोयल ने उपस्थित वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया और कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता का वह अपने हृदय की गहराइयों से आभार करते हैं। आप लोगों का प्यार और विश्वास पहले भी हमारे साथ था और आगे भी हमारे साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि आप लोगों जोश, जुनून एवं उत्साह ही हमें ताकत देता है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं आपकी ताकत व्यर्थ नहीं जाएगी। विपुल गोयल फिर एक बार प्रदेश में मंत्री बनकर आएंगे और क्षेत्र की समस्याओं के साथ–साथ प्रदेश के विकास एवं उन्नति में अहम भूमिका निभाएंगे। अमन गोयल ने कहा कि विपुल गोयल ने 2014 में जिस प्रकार फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र को सुंदर और सुसज्जित बनाने के प्रयास किए, उन प्रयासों को तेज गति देने का समय आ गया है। आपको क्षेत्र में कहीं भी टूटी सडक़ें सीवर, पानी, बिजली की समस्या देखने को नहीं मिलेगी और एक हरा–भरा ग्रीन एवं क्लीन फरीदाबाद आप लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि विपुल गोयल ने नि:स्वार्थ रूप से लोगों को हर सुविधा देने का काम किया और आगे भी करेंगे।

क्षेत्र की जनता के सुख–दुख में वो हमेशा आप लोगों के साथ खड़े रहेंगे। अमन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में है और प्रदेश में भी तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी रिपीट करने जा रही है। जिस प्रकार से आपने लोकसभा चुनावों में अपनी भागीदारी निभाई, फिर से एक बार अपनी भागीदारी निभाओ और विपुल गोयल को अपना विधायक एवं मंत्री बनाकर भेजो। क्योंकि, भारतीय जनता पार्टी ही देश एवं प्रदेश का विकास कर सकती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नई योजनाओं एवं विकास की नई कहानी लिखने में अपना सहयोग प्रदान करें, आपको एक नया फरीदाबाद देखने को मिलेगा।

# राजेश नागर ने की लोगों से नौकरियां बेचने वालों से सावधान रहने की अपील

## लहड़ोला ने भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर का किया खुलकर समर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने आज गांव लहडोला में जन संपर्क किया और लोगों से नौकरियां बेचने वालों से सावधान रहने की अपील की। नागर ने कहा कि भाजपा तीसरी बार आएगी तो और खुशहाली लाएगी। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के पूर्व मंत्री कुंवर प्रणव चैंपियन ने भी लोगों को संबोधित कर राजेश नागर के लिए वोट मांगे।

नागर ने कहा कि कांग्रेस के नेता वोट के बदले नौकरियां देने का लालच आप लोगों को दे रहे हैं, उनसे बचकर रहना। कांग्रेस के नेता आपके योग्य बच्चों के हाथ से नौकरियां छीन लेना चाहते हैं जबकि भाजपा ने अपने कार्यकाल में डेढ़ लाख नौकरियां बिना पर्ची बिना खर्ची के दी हैं और हमारी सरकार अगले कार्यकाल में भी दो लाख नौकरियां बिना पर्ची बिना खर्ची देने जा रही है। नागर ने कहा कि भाजपा राज में आपके योग्य बच्चों को उनके जीवन सुरक्षित करने का अवसर प्रदान किया गया है। यह योग्य बच्चे प्रदेश को दुनिया का नेतृत्व करने लायक बना रहे हैं जबकि कांग्रेस ने हमेशा अयोग्य लोगों को नौकरियां बेचकर प्रदेश को गड्ढे में धकेलना का काम किया है। नागर ने कहा कि नौकरियां बेचने की कहानियां विपक्षी कहानियां समय–समय पर सामने आती रही हैं। नागर ने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह करके दिखाया। हमारी सरकार 70 वर्ष तक के बुजुर्ग को 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज और 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग के लिए भी पांच लाख रुपए के अतिरिक्त इलाज की व्यवस्था चिरायु आयुष्मान योजना में करेगी।



उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की घोषणा की, वहीं आईएमटी की तर्ज पर 10 अन्य औद्योगिक शहरों का निर्माण करने पर भी काम शुरू कर दिया है। नागर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने बिना जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा के भेदभाव के लोगों को समान अवसर दिए और हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं का लाभ दिया। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया। 10 वर्षों में हमारे शासन में ऐसा हुआ कि प्रशासनिक आला अधिकारी भी जेल गए जबकि पिछली सरकार इन अधिकारियों की उंगलियों पर खेलती रही है। नागर ने कहा कि आप भाजपा के कमल निशान को वोट देकर 5 अक्टूबर को हरियाणा का भविष्य लिखने का काम करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर विश्वास करते हुए अपने बेटे को पहले से भी ज्यादा मतों से विधानसभा भेजेंगे।

नागर ने आज सेक्टर 81, सेक्टर 75, मंधावली, बडोली, अमराल्ड सेक्टर 88, सूरदास कॉलोनी आदि अनेक जगहों पर जनसंपर्क किया।

इस अवसर पर अजब सरपंच, विनोद नागर, वीरेंद्र बिधूड़ी, बीडीसी सुनील कुमार, सरपंच सुशील पार्षद अल्लीपुर, पूर्व बीडीसी गिर्राज, मुंदराज रावत, सरपंच रतन एडवोकेट कबूलपुर, बीडीसी कुलदीप सरदाना, बीडीसी जग्गी अधाना, मंडल अध्यक्ष गिरिराज त्यागी, सरपंच मनोहर जसाना, बीडीसी परमीत कसाना, सरपंच धर्मवीर हमीरपुर, सरपंच भैंसरावली, मनोज नागर, चरण सिंह प्रधान बदरौला, पहलवान लेखराज नागर नवादा, सरपंच सुरेश त्यागी, घुड़ासन, पूर्व सरपंच रामेश्वर त्यागी, विजय कुमार मैनेजर, राजाराम सरपंच लहडोला, संदीप अधाना, जय किशन वर्मा, चौधरी ईश्वर अधाना, सरपंच सुभाष भाटी, सतपाल नरवत, सुनील नरवत, राजू नरवत, रतन एडवोकेट चंदीला, वेदराम बाबूजी, कालू पहलवान, हरिचंद गोले, गोपाल लाल अधाना, दयानंद नागर, पूर्व बीडीसी तेज सिंह, नेत्रपाल टोंगर, दिनेश भाटी अमीरपुर, नेत्रपाल चंदीला, देवीराम नैन, धर्मेंद्र त्यागी, बिरमी अधाना, सुनील सरदाना, पूर्व सरपंच मुकेश चांदपुर, बीडीसी छत्रपाल हमीरपुर, सुरेंद्र बिधूड़ी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# रवि डागर ने मांगा लेजर वैली पार्क में 4 करोड रुपए का हिसाब




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज रवि डागर अपनी टीम के साथ लेजर वैली पार्क में जन समर्थन मांगने गए लेकिन जब लेजर वैली पार्क में अंदर पहुंचते ही उन्होंने 4 करोड रुपए का एक बोर्ड लगा हुआ देखा जिस पर लिखा था कि 2023 तक पार्क का कार्य पूरा हो जाएगा जिसकी लागत 4 करोड रुपए थी लेकिन पार्क में 1 का भी कार्य नहीं किया गया कांग्रेस विधायक ने कहा था कि चुनाव से पहले पार्क में फव्वारे चल जाएंगे लेकिन 4 करोड रुपए में से अभी तक 1 भी नहीं लगा और पार्क की मोटर भी चोरी होनी शुरू हो गई पार्क में घूमने वाले स्थानीय लोगों ने कहा कि नीरज शर्मा ने 5 साल के कार्यकाल में पार्क की तरफ कभी आकर भी नहीं देखा और सिर्फ घोषणाएं करने आए लेकिन कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ 4 करोड़ में पार्क में निम्न सुविधा दी जानी थी पार्क में फव्वारा पार्क में जिम का काम ,पार्क में झूले ,पार्क में जिम, इन सब का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ और विधायक जी कहते थे कि विकास के कार्य करवाने में वह अग्रसर हैं और हमेशा मुद्दे उठाते रहते हैं लेकिन जब रवि डागर ने पहुंच कर देखा तो ना चार करोड रुपए का हिसाब था ना 4 करोड रुपए के कार्य पाए गए नरेश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता आम आदमी पार्टी ने भी 4 करोड रुपए के बारे में पूछा कि 4 करोड़ का हिसाब क्या विधायक दे पाएंगे पूर्व विधायक भी डबुआ के पास के रहने वाले हैं लेकिन उन्होंने भी कभी पार्क की तरफ और पार्क की जनता के बारे में नहीं सोचा

# विपुल गोयल को बड़ी सफलता, आप प्रत्याशी प्रवेश मेहता ने दिया समर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल को शनिवार को बड़ी सफलता मिली, जब आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्रवेश मेहता ने उनको समर्थन दे दिया। राजनीतिक रूप से इसे विपुल गोयल की बड़ी जीत माना जा रहा है। प्रवेश मेहता फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ ओल्ड फरीदाबाद अनाज मंडी में मुकेश शास्त्री व पंकज शास्त्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रवेश मेहता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए और उन्होंने विपुल गोयल के समर्थन में वोट मांगे।



उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विपुल गोयल के समर्थन में लोगों का रुझान है और हम उम्मीद करते हैं कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का विकास करने में वह अहम भूमिका निभाएंगे। हमारा साथ और विश्वास उनके साथ है। क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए हमने विपुल गोयल के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा है। विपुल गोयल ने इस मौके पर कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा ने जिस प्रकार से देश एवं प्रदेश का विकास किया, उससे हर कोई प्रभावित है और आज हमारे पुराने दिग्गज नेता प्रवेश मेहता ने आम आदमी पार्टी को अलविदा कहकर भाजपा का दामन थामा है। आज से वह भाजपा के सिपाही के रूप में घर–घर जाकर काम करेंगे। भारतीय जनता पार्टी प्रवेश मेहता एवं उनकी टीम का स्वागत करती है और उनको पार्टी में पूरा मान–सम्मान दिया जाएगा। फरीदाबाद विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को आने से कोई नहीं रोक सकता।

# शहीदों का ऋण हम नहीं उतार सकते : विजय प्रताप

## विजय प्रताप के समर्थन में जगह–जगह उमड़ रहा है जनसैलाब, पुष्प वर्षा से हो रहा स्वागत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह के समर्थन में लोगों का हुजुम उमड़ता जा रहा है। ऐसा ही नजारा आज उस समय देखने को मिला। जब कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप शनिवार को शहीद भगत सिंह जयंती के उपलक्ष में एनआईटी पांच स्थित गोल चक्कर पर शहीदों को नमन करने पहुंचे। शहीद भगत सिंह के चरणों में पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया। शहद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव एवं चन्द्रशेखर आजाद जैसे शहीदों का ऋण हम कभी नहीं उतार सकते। इन्होंने देश की रक्षा के लिए हंसते–हंसते अपने प्राणों की आहूति दे दी। ऐसे वीर शहीदों के चरणों में मेरा वंदना है और मैं आज की युवा पीढ़ी से कहना चाहता हूं कि हमें शहीद भगत सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए।

वहीं शनिवार को हुई अनेकों विशाल जनसमर्थन सभाओं में विजय प्रताप ने शहर के एकमात्र बादशाह खान अस्पताल में ट्रोमा सेंटर खोलने का वादा किया और कहा कि शहर की जरूरत है, हम इसको पूरा करेंगे। हमारे शहर के समाजसेवी सतीश चोपड़ा एवं उनकी टीम पिछले काफी समय से



ट्रोमा सेंटर की मांग उठा रही है। उन्होंने कहा कि ये हमारी बदनसीबी है जिस चीज के लिए सरकार को सोचना चाहिए, उसके लिए कोई आवाज उठा रहा है, लोगों की चिंता कर रहा है, बावजूद इसके सरकार असंवेदनशील बनी हुई है। इस मौके पर विजय प्रताप ने बडख़ल विधानसभा क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि इस बार शहर की आन, बान, शान का पर्व ऐतिहासिक दशहरा पहले की तरह हमारी बिरादरी द्वारा ही मनाया जाएगा। इसके अलावा हमारे शहर की रौनक रही हमारा नाहर सिंह स्टेडिम जिसके नाम पर करोड़ों रुपए का बजट अब तक भाजपा सरकार डकार चुकी है, उसको सुधारने का काम हम करेंगे। पहले उसके लिए 122 करोड़ का बजट पास किया जाता है, बावजूद 8 साल में काम पूरा नहीं किया गया। इसको लेकर ठेकेदार को सजा देने की बजाय भाजपा के मुख्यमंत्री ने ईनाम स्वरूप 225 करोड़ का बजट और पास कर दिया।

विजय प्रताप ने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए मेने एक स्पोर्टस सिटी फरीदाबाद में लाने का मन बनाया है, जोकि मेरा ख्वा है और यह हम बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में लाकर रहेंगे। उन्होंने फरीदाबाद–गुरूग्राम तक मेट्रो का विस्तार, शहर के लोगों को साफ पीने का पानी, सीवर की समस्या से निजात दिलाना, जलभराव, गड्ढा मुक्त्र, कचरा मुक्त स्वच्छ फरीदाबाद की परिकल्पना को दोहराया। विजय प्रताप ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर वह प्रत्येक वार्ड में स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक भवन तथा वरिष्ठ नागरिक क्लब की स्थापना करेंगे। इसके अलावा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने का काम करेंगे। शहर को टोल से मुक्ति दिलाएंगे। गुरुग्राम, सोहना एवं बदरपुर टोल हटाए जाएंगे, जोकि 10 साल के लिए लगाए गए थे, लेकिन आज 20 साल से भी अधिक समय इनको हो चुका है।

## बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस जांच में निकली फर्जी

बेंगलुरु । कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह धमकी ईमेल के द्वारा दी गई, पुलिस ने जांच में इस धमकी को फर्जी करार दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने एक ईमेल के द्वारा होटल में बम होने की धमकी दी। यह होटल प्रमुख राजनेताओं और क्रिकेटरों की मेहमान नवाजी के लिए मशहूर है। धमकी मिलने के बाद, पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने होटल पहुंचकर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान, पुलिस ने होटल के पूरे परिसर की जांच कर पाया कि यह धमकी फर्जी थी। डीसीपी सेंट्रल ने कहा कि हमें आज सुबह ताज वेस्ट एंड होटल के लिए एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। हमारी बीडीडीएस और एएससी टीम ने परिसर की जांच की और इस धमकी को फर्जी पाया। डीसीपी ने कहा कि इस मामले में हम शिकायत दर्ज कर आगे की जांच कर रहे है। धमकी भरे ईमेल के बाद होटल की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। होटल में ठहरे मेहमानों ने इस घटना को लेकर चिंता व्यक्त की। हालांकि, पुलिस ने सभी को यह आश्वस्त किया है कि स्थिति नियंत्रण में है। पिछले कुछ महीनों से बम धमकी से जुड़े ईमेल्स का चलन तेजी से बढ़ा है, जिससे कई महत्वपूर्ण संस्थानों और स्थानों में हड़कंप मच गया है।

## कार शोरूम में फायरिंग... पुर्तगाल में बैठे गैंगस्टर से कनेक्शन

नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली के नारायणा इलाके में एक कार शोरूम में ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना सामने आई है, घटना का सीसीवीटी फुटेज सामने आया है। फुटेज में देखा जा सकता है कि शूटर शोरूम में घुसकर फायरिंग कर रहे हैं, इससे इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत यह रही कि घटना में किसी को गोली नहीं लगी। इस फायरिंग के पीछे मोस्ट वांटेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का नाम सामने आया है, जो फिलहाल पुर्तगाल में रह रहा है। भाऊ पर दिल्ली, हरियाणा पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में कई गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं। इसके साथ ही, इंटरपोल ने हिमांशु भाऊ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया है। दिल्ली पुलिस ने मामले में शामिल तीन शूटरों की पहचान कर ली है, जो हरियाणा के रहने वाले हैं और हिमांशु भाऊ के गैंग से जुड़े हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 6 मई 2024 को तिलक नगर के फ्यूजन कार शोरूम में हुई फायरिंग के दौरान नारायणा के कार शोरूम के मालिक को भी भाऊ की ओर से धमकी दी गई थी, जिसमें 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। नारायणा के शोरूम मालिक ने पुलिस में शिकायत की, तब दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शूटरों की गिरफ्तारी के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसके साथ ही, पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि गैंगस्टर हिमांशु भाऊ घटना को किस प्रकार संचालित कर रहा है और उसके अन्य साथियों की पहचान भी की जा रही है।

## फूड प्वाइजनिंग से इंजीनियरिंग के 45 छात्र बीमार

बेतिया। बिहार के बेतिया में शुक्रवार की रात फूड प्वाइजनिंग से इंजीनियरिंग के 45 छात्र बीमार हो गए। सभी बीमार छात्रों को बेतिया के जीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। यह मामला सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज कुमारबाग का है। छात्रों के मुताबिक मेस में खाने के मेन्यू में चिकन चावल था जैसे ही छात्रों ने खाना खाया उसके बाद छात्रों की हालत बिगड़ने लगी। एक के बाद एक छात्र बीमार होने लगे। किसी को वोमिटिंग हो रही थी तो किसी के सिर में चक्कर की शिकायत मिली जिसके बाद सभी बीमार छात्रों को एंबुलेंस से देर रात जीएमसीएच लाया गया। जीएमसीएच में सभी बीमार छात्रों का इलाज चल रहा है। सभी छात्र खतरे से बाहर बताये गए हैं। कुछ छात्रों को इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया है। कुछ छात्रों को डॉक्टर की निगरानी में रखकर इलाज किया जा रहा है। हालात अब सामान्य है। उधर एक छात्र के थाली में मरी हुई छिपकली मिलने का भी आरोप छात्रों ने लगाया है। घटना के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज में हड़कंप मचा है। घटना के बाद कुमार बाग गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रबंधन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, इस घटना के बाद छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ भी हंगामाा किया।

## त्यौहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे चलाएगा 10 हजार विशेष ट्रेनें

नई दिल्ली। त्यौहारी सीजन में रेलवे यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए दीपावली और छठ पूजा में ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए 10 हजार से ज्यादा विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा, 108 ट्रेनों में जनरल कोच भी बढ़ाए जाएंगे, जिससे करीब एक करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे ने इसके लिए विशेष तैयारियां कर ली हैं, जिसमें दीपावली और छठ पूजा के दौरान 12,500 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। 2024-2025 में 5,975 ट्रेनों को अधिसूचित किया गया है, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में आसानी होगी। पिछले साल 2023-2024 में पूजा विशेष ट्रेनों की संख्या 4,429 थी। ट्रेन में भीड़ को ध्यान में रखते हुए आनंद विहार से बरौनी के बीच विशेष एसी ट्रेन 6 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन सुबह 9 बजे आनंद विहार से चलकर अगले दिन सुबह 6-30 बजे बरौनी पहुंचेगी। इस ट्रेन में 16 थर्ड एसी और 2 पावर कार समेत कुल 18 कोच होंगे, यह कई स्टेशनों पर भी रुकेगी। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग यूपी और बिहार जाते हैं, छठ पूजा न केवल धार्मिक महत्व हैं, बल्कि परिवार से मिलने का भी एक अहम मौका होता है। इस दौरान अक्सर ट्रेन की टिकटे वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं, जिससे यात्रा करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इन सब परेशानियों को देखते हुए रेलवे ने यह फैसला लिया है।



# 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नाचा गाना था', राहुल गांधी के बयान पर बवाल, बीजेपी ने बताया हिंदू आस्था का अपमान

**मंडी (एजेंसी)**। कांग्रेस के राहुल गांधी ने कथित तौर पर 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' को 'नाच-गाना' कार्यक्रम के रूप में संदर्भित करने के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। हरियाणा के हिसार में एक सार्वजनिक सभा में बोलते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने भाजपा पर हमला बोलते हुए दावा किया कि भगवा पार्टी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से आम नागरिकों, विशेषकर किसानों को बाहर रखा।

27 सेकंड के वीडियो क्लिप में, राहुल गांधी को कथित तौर पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को हाशिए के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के बजाय एक सेलिब्रिटी कार्यक्रम में बदलने के लिए सरकार की आलोचना करते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में मंदिर खुला तो आपको अडानी, अंबानी और अमिताभ बच्चन तो दिखे, लेकिन वहां एक भी किसान या मजदूर मौजूद नहीं था। इसमें 'नाच गाना' था, लेकिन उन लोगों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था जो वास्तव में भारत के



श्रमिक वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

राहुल गांधी की टिप्पणियों पर तुरंत भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रतिक्रियाएं आईं और उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों पर उनकी आस्था और रुख पर सवाल उठाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता की टिप्पणियों को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनके परिवार ने हिंदू विरोधी भावनाओं का रिकॉर्ड साबित कर दिया है और कहा, INDI गठबंधन का मानना है - हिंदू आस्था पर करो चोट, लेना है वोटबैंक का वोट !'

उन्होंने एक्स पर लिखा कि हिंदू हिंसक और देवता भगवान नहीं हैं के बाद अब राहुल गांधी कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 'नृत्य कार्यक्रम' 'नाच गाना कार्यक्रम' था ! क्या किसी अन्य आस्था और उनके पवित्र अवसरों के बारे में ऐसा कहा जा सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल के परिवार ने राम जी के अस्तित्व, राम मंदिर का विरोध किया है, उनकी सरकार ने हिंदू आतंक गढ़ा है और उन्होंने द्वारका पूजा को भी अब 'नाटक' करार दिया है। सनातन संस से लेकर सनातन बीमारी है, हिंदू धर्म धोखा से लेकर राम चरितमानस को गाली देना - INDI गठबंधन का मानना है।

भाजपा के एक अन्य वरिष्ठ नेता तीरथ सिंह रावत ने गांधी के दावों का खंडन करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता की टिप्पणी भारतीय संस्कृति की समझ की कमी से उपजी है। रावत ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिष्ठा समारोह सभी के लिए एक उत्सव था और आम नागरिक भी इसका हिस्सा थे। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में, तीरथ सिंह ने कहा, 'शायद राहुल गांधी ने अभी तक भारतीय संस्कृति को पूरी तरह से नहीं समझा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दिन उत्सव का दिन था, और आम लोगों सहित हर कोई उत्सव में शामिल था। भगवान राम के प्रति भक्ति सभी की साझा थी।'

## दलाई लामा के नाम पर क्यों तिलमिला जाता है चीन



नई दिल्ली । चीन ने फिर अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे को लेकर विवाद खड़ा कर दिया है। चीन ने भारतीय पर्वतारोहियों के एक दल द्वारा अरुणाचल प्रदेश में एक अनाम चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर आपत्ति जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया से कहा कि अरुणाचल प्रदेश को चीन के क्षेत्र में स्थापित करना अवैध और अमान्य है। अरुणाचल प्रदेश की यह चोटी, जिसे छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखा गया है, उसका नामकरण भारतीय रक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान की टीम ने किया। इस टीम ने मोन तवांग क्षेत्र के गोरीचेन मासिफ में 20,942 फीट ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। त्सांगयांग ग्यात्सो का जन्म 1682 में मोन तवांग क्षेत्र में हुआ था और उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रति अपना योगदान दिया। उनके नाम पर चोटी का नाम रखने का उद्देश्य उनके योगदान को मान्यता देना है, खासकर मोनपा समुदाय के प्रति उनकी सेवा के लिए। जियान ने कहा कि उन्हें चोटी का नाम रखने के बारे में जानकारी नहीं थी, लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि जंगनान क्षेत्र चीन का हिस्सा है। चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा मानता है और 2017 से वहां स्थानों का नाम बदलने का प्रयास कर रहा है। यह विवाद केवल एक नामकरण से शुरू हुआ है, लेकिन यह चीन और भारत के बीच चल रहे क्षेत्रीय विवाद का एक और उदाहरण है। भारत ने हमेशा अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न हिस्सा माना है, जबकि चीन अपने दावों को बनाए रखने की कोशिश करता है।

## प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के आसपास अवैध निर्माणों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

गिरसोमनाथ। सौराष्ट्र स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ मंदिर के आसपास किए गए अवैध निर्माणों का प्रशासन ने सफाया कर दिया है। गिर सोमनाथ में कल रात से 36 बुलडोजर इन अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने में लगे हुए हैं। इतना ही नहीं इसके मलबे को हटाने के लिए करीब 70 ट्रैक्टर-ट्रॉली भी साथ में लगाई गई हैं। जानकारी है कि इस साइट का उपयोग सोमनाथ विकास परियोजना में किया जाएगा। सोमनाथ मंदिर के पिछले हिस्से में कई अवैध निर्माणों को हटाने के लिए प्रशासन की एक टीम पहुंची। बताया जाता है कि गिर सोमनाथ के इतिहास का यह सबसे बड़ा अभियान चल रहा है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिला कलेक्टर, आईजीपी, 3 एसपी, 6 डीवाईएसपी और 50 पीआई-पीएसआई स्टैंडबाय पर थे। इसके साथ ही 1200 पुलिसकर्मी भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सुरक्षा में लगाए गए थे।

## यूपी में मानसून रिटर्नस-कई जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट, आठ लोगों की जान गई

**लखनऊ (एजेंसी)**। यूपी में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने पहले ही कई जिलों में तेज बारिश की संभावना जताते हुये अलर्ट जारी कर दिया था। बारिश के मद्देनजर अयोध्या और गोण्डा में सभी स्कूलों को शनिवार को बंद रखा गया है। वहीं बारिश प्रभावित जिलों में प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलने को कहा है।

पिछले 48 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। जिसकी वजह से अलग-अलग जिलों में हादसे हुए जिनमें आठ लोगों की जान चली गई। बारिश की वजह से कई गांवों की बिजली ठप हो गई तो वहीं दस से ज्यादा घरों के ढहने की खबर है। यूपी में शुक्रवार को 58 से ज्यादा जिलों भारी बारिश हुई। जबकि सुल्तानपुर के लंभुआ में सबसे अधिक 270 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान यहां भव्या क्षेत्र में बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं सीतापुर के 300 से ज्यादा गांवों में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। यहाँ के गवहिया गांव में घर की दीवार गिरने से 15 साल की एक लड़की की मौत हो गई। अयोध्या का हाल भी बेहद खराब रहा, यहां इस सीजन की सबसे अधिक 120 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यहाँ के तारुन में छप्पर गिर गया, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। ललितपुर और फतेहपुर में भी बिजली गिरने से एक बच्ची और महिला समेत तीन की मौत हो गई। अंबेडकर नगर में बिजली गिरने से चार बहनों की झुलस गई।

मौसम विभाग की तरफ से गोरखपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, जालौन, बाराबंकी और हमीरपुर समेत आसपास के जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बारिश से प्रभावित लोगों की तत्काल मदद करने के निर्देश दिये हैं। बारिश के चलते धान के किसानों की चिन्ता बढ़ गयी है। बताया जा रहा है कि कई जिलों में धान की फसल पक कर तैयार है। ऐसे में बारिश का होना धान की फसल के लिए अच्छा नहीं है।

# बीजेपी का कांग्रेस पर वार, सुधांशु त्रिवेदी का सवाल, सिद्धारमैया को आरोपी नंबर 1, क्या राहुल उनके साथ हैं?

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। कर्नाटक में मुडा मामले को लेकर सियासत तेज है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कथित MUDA 'घोटाले' को लेकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि इस मामले से जुड़े आरोप सबसे पहले कांग्रेस ने ही लगाए थे और कर्नाटक की लोकायुक्त अदालत में फैसला भी आ गया है। पार्टी पर आगे हमला करते हुए उन्होंने पूछा कि क्या लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष सोनिया गांधी भ्रष्ट नेताओं का समर्थन कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के परिवार ने MUDA स्कैम में जमीन का दुरुपयोग और सरकारी अथॉरिटी का दुरुपयोग करते हुए भारी संपत्ति बनाई। उस विषय में निर्णय देते हुए न्यायालय ने सिद्धारमैया को आरोपी नंबर 1 बनाया है। उन्होंने दावा किया कि यह किसी केंद्रीय एजेंसी ने इस विषय में जांच नहीं की है। बल्कि कर्नाटक के लोकायुक्त कोर्ट ने यह निर्णय



दिया है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मैं राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या आप भ्रष्टाचार के 'अरोपी नंबर 1' के साथ खड़े हैं या नहीं?

सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि ये भारत के इतिहास के उन चंद दुर्लभ केस में से एक है, जब किसी राज्य के सीटिंग मुख्यमंत्री को आरोपी नंबर 1 बनाया गया हो। अब राजनीति में नई सोच लाने के 99 के उबाल से लबरेज राहुल गांधी से मैं पूछना चाहता हूं कि आरोपी नंबर 1 के साथ आप खड़े हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया 1998 से भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों से जुड़े हुए हैं, जो राहुल गांधी के परिवार द्वारा शुरू की गई प्रवृत्ति को जारी रखता है। यह मुद्दा संवैधानिक और कानूनी निहितार्थों से परे है; यह कांग्रेस की अंतर्निहित संस्कृति को दर्शाता है। कांग्रेस नेताओं की लूट और भ्रष्टाचार देश के लिए एक बड़ी चुनौती है।

कांग्रेस नेतृत्व भाजपा पर राजनीतिक कारणों से मुख्यमंत्री को निशाना बनाने का आरोप लगा रहा है, वहीं त्रिवेदी ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों की इस प्राथमिकी में कोई भूमिका नही है। भाजपा नेता ने दावा किया कि यह मामला सिद्दरमैया के अपने कर्मों का नतीजा है क्योंकि उन्होंने तथा उनके परिवार ने गैरकानूनी रूप से संपत्ति हड़पने के लिए सरकारी शक्तियों का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने हाल ही में कहा था कि उनकी पार्टी के नेता सत्ता का इस्तेमाल खुद को और अपने रिश्तेदारों को अमीर बनाने के लिए करेंगे।

# सेना-आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, तीन जवान, एक पुलिसकर्मी घायल

* कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके को सुरक्षाबलों ने घेरा, मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर (एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के आदिगाम देवसर में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। यहां दो आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। कुलगाम जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के आदिगाम गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ समेत सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।



अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा तो आतंकियों ने खुद को घिरा देखा तो सुरक्षाबलों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। गोली लगने से सेना के तीन जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गया। सुरक्षाबलों ने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी भागने के रास्ते बंद कर दिए हैं। मुठभेड़ स्थल पर पहले ही अतिरिक्त बल पहुंच चुके हैं। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

आतंकवादियों ने पिछले तीन-चार महीनों के दौरान जम्मू डिवीजन के डोडा, कठुआ, राजौरी, पुंछ और रियासी जिलों में सेना, स्थानीय पुलिस और नागरिकों पर हमला कर उन्हें मार गिराया है। पहाड़ी इलाकों में सेना और अन्य लोगों पर घात लगाकर हमला करने के बाद आतंकवादी इन पहाड़ी जिलों के घने जंगलों और वन क्षेत्रों में भाग जाते हैं। आतंकवादियों के हमलों को नाकाम करने के लिए, जम्मू डिवीजन के ऊंचे पर्वतीय इलाकों और घने जंगलों में 4 हजार से ज्यादा पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित जवानों को तैनात किया था। सुरक्षाबलों की इस रणनीति के बाद, इन जिलों में आतंकवादी हमलों में कमी आई है।

## बांग्लादेशी पोर्न स्टार रिया 1 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में, उसके बचाव में 7 वकीलों की टीम

**उल्हासनगर (एजेंसी)**। मुंबई से सटे उल्हासनगर में बांग्लादेश की एक पोर्न अभिनेत्री रिया बर्डे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसपर आरोप है कि वो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में रह रही हैं। उन्हें भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रिया एक बांग्लादेशी पोर्न स्टार हैं और यहाँ हिंदू बनकर अपने परिवार के साथ रह रही थी। पोर्न स्टार रिया बर्डे, जिन्हें बन्ना शेख और आरोही बर्डे के नाम से भी पोर्न इंडस्ट्री में जाना जाता है। अब पुलिस उसकी मां, बहन और भाई की तलाश कर रही है। इस बीच रिया को जब कोर्ट में पेश किया गया तो भारत में घुसपैठ करने वाली इस युवती का बचाव करने के लिए सात वकीलों की एक टीम पहुंची. कोर्ट में 7 वकीलों की टीम ने उनका बचाव करने की कोशिश की और रिया बर्डे की गिरफ्तारी का विरोध करने की कोशिश की. 7 वकीलों की एक टीम ने पुलिस से पूछा कि वे किस आधार पर



साबित कर सकते हैं कि रिया बर्डे बांग्लादेशी हैं। डेढ़ घंटे चले जिरह के बाद न्यायधीश ने रिया को 1 अक्टूबर तक रिया को पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

### - रिया बर्डे का राज कुंद्रा प्रोडक्शन हाउस से कनेक्शन सामने आया

एक युवा बांग्लादेशी बन्ना शेख ने अवैध रूप से भारत में घुसपैठ की, फिर अपना नाम बदला और पोर्न इंडस्ट्री में प्रवेश किया। उन्होंने पोर्न इंडस्ट्री में रिया बर्डे नाम से काफी लोकप्रियता हासिल की। यह भी खबर है कि वह राज कुंद्रा प्रोडक्शन हाउस से जुड़ी हैं। अब उन्हें फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनाने के आरोप में उल्हासनगर की हिल लाइन पुलिस ने 26 सितंबर को उल्हासनगर के पास नेवाली इलाके से गिरफ्तार किया।

### - रिया के परिवार पर केस दर्ज

पुलिस ने रिया की मां अंजलि बर्डे जिसे पहले रूबी शेख के नाम से जाना जाता था, पिता अरविंद बर्डे जिसे पहले रियाज शेख के नाम से जाना जाता था, भाई रवींद्र को पहले रियाज शेख के नाम से जाना जाता था, बहन रितु जिसे पहले मोनी शेख के नाम से जाना जाता था, के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रिया की मां ने महाराष्ट्र के अमरावती में रहने वाले अरविंद बर्डे से शादी की। बाद में, रिया ने जाली दस्तावेजों के आधार पर एक भारतीय पासपोर्ट बनाया। रिया की एक दोस्त ने पुलिस को उनके बारे में जानकारी दी थी. उन्होंने बताया था कि रिया बर्डे अवैध तरीके से भारत में रह रही थीं।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में वसुंधरा एवं शिवराज आगे

* संघ लगाना चाह रही है मोदी-शाह पर लगाम
* संजय जोशी का नाम पर सहमति नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर एक बार फिर चौंकाने वाला परिणाम देने की तैयारी में दिख रही है। ऐसे में यदि संघ की चलती है तो वसुंधरा राजे सिंधिया बीजेपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगी। वैसे पार्टी आलाकमान वसुंधरा राजे और शिवराज सिंह चौहान के नामों को आगे कर विचार करने में लगे हुए हैं। वहीं संघ अब चाह रहा है कि मोदी और शाह पर लगाम कसी जाए और पार्टी के सभी लोग जिस नाम पर मोहर लगाएं उसे ही पार्टी अध्यक्ष बनाया जाए। इसे लेकर पार्टी और संघ में तनातनी की स्थिति बनी हुई है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चहुंओर चर्चाओं का दौर शुरु हो गया है। यहां पार्टी के शीर्ष सूत्रों की मानें तो पार्टी आलाकमान राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर गंभीरता के साथ विचार कर रहे हैं। वहीं पार्टी नेतृत्व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना चाह रहा है। इससे हटकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पहले ही संजय जोशी का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया जा चुका था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह उनके नाम पर सहमत होते नहीं दिखे हैं। मोदी और शाह की पहली पसंद शिवराज सिंह चौहान बन गए हैं, संघ की पसंद वसुंधरा राजे का नाम है। ऐसे में संघ नहीं चाहता कि अध्यक्ष पद को लेकर किसी तरह खींचतान हो या फिर विवाद उत्पन्न हो, इसलिए संघ ने इशारा कर दिया है कि पार्टी के सभी लोग जिसे चाहें उसे ही पार्टी अध्यक्ष बनाया जाएगा।

लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के प्रदर्शन को देखते हुए माना जा रहा है कि भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष अब संघ की पसंद का ही होगा। इससे पार्टी में संघ का वर्चस्व बनाने में मदद मिलेगी। भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में वर्तमान नेतृत्व के खिलाफ जो नाराजगी है, संघ उस नाराजगी को दूर करके पार्टी को एकजुट बनाने की दिशा में काम कर रही है। संघ के फार्मूले पर यदि पार्टी अध्यक्ष का चुनाव होता है तो संजय जोशी या वसंधरा राजे ही अगले अध्यक्ष हो सकते हैं, यदि मौजूदा पार्टी नेतृत्व की चली तो शिवराज सिंह के नाम पर सहमति बनेगी, जो आगे भी तनातनी का कारण बनेगा। वैसे वसुंधरा राजे पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं।

### नए अध्यक्ष के नेतृत्व में ही होगा महाराष्ट्र-झारखंड चुनाव

भारतीय जनता पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में ही पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने की रणनीति पर कार्य कर रही है। ऐसे में जो भी अध्यक्ष बनता है, उसकी एक बड़ी जिम्मेदारी होगी दोनों ही राज्यों में पार्टी को बड़ी जीत दिलवाना। सूत्रों की मानें तो अगले महीने में ही चुनाव आयोग महाराष्ट्र और




झारखंड में विधानसभा चुनाव घोषित कर सकता है, ऐसे में पार्टी के नये अध्यक्ष के लिए यह चुनौतीपूर्ण चुनाव नहीं होगा। समय कम होगा, और सभी को साधना कोई आसान बात नहीं होगी।

# सीडीएससीओ द्वारा एकत्र नमूने नकली, अल्केम द्वारा निर्मित नहीं: अल्केम लैबोरेटरीज

### पैन डी और क्लैवम 625 जांच में विफल रहे हैं

**नई दिल्ली,** मुंबई की दवा कंपनी अल्केम लैबोरेटरीज ने उन दावों का खंडन किया जिसमें कहा गया था कि उसके उत्पाद पैन डी और क्लैवम 625 केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की जांच में विफल रहे हैं। कंपनी ने बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को नियामकीय फाइलिंग में यह जानकारी दी है। कंपनी ने मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ सीडीएससीओ को एक जवाब भी भेजा है, जिसमें पुष्टि की गई है कि सीडीएससीओ द्वारा एकत्र किए गए नमूने नकली हैं और अल्केम द्वारा निर्मित नहीं हैं। कंपनी का खंडन सीडीएससीओ द्वारा इस साल अगस्त में पैन-डी और क्लैवम 625 के एक-एक बैच सहित 50 से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता (एनएसक्यू) के अनुरूप नहीं पाए जाने के बाद आया है। पैन-डी प्रिस्क्रिप्शन दवा है जो एसिड रिफ्लक्स, अपच और गैस की शिकायत होने पर मरीज को दी जाती है और क्लैवम 625 एक एंटीबायोटिक है, जो फेफड़ों, कान, नेजल साइनस, यूरिनरी ट्रैक्ट, त्वचा और सॉफ्ट टिश्यू के जीवाणु संक्रमण के उपचार के लिए किया जाता है। आंतरिक जांच के आधार पर कंपनी ने कहा कि केंद्रीय औषधि नियामक ने जांचे के लिए जो नमूने लिए थे वे नकली थे और हमारा द्वारा निर्मित नहीं थे। इस खंडन के साथ अहमदाबाद की टॉरंट फार्मा के बाद अल्केम दूसरी ऐसी कंपनी बन गई है जिसने सीडीएससीओ द्वारा परीक्षण किए गए नमूनों को नकली बताते हुए अपनी दवाओं के गुणवत्ता परीक्षण में विफल होने के दावों का खंडन किया। टॉरंट के शेल्कैल 500 टैबलेट का एक बैच भी शीर्ष दवा नियामक की मासिक रिपोर्ट में एनएसक्यू मिला था। यह दवा मरीजों को विटामिन डी और कैल्शियम की कमी दूर करने के लिए दी जाती है। कंपनी ने अपनी नियामकीय फाइलिंग में कहा है कि अल्केम ने सीडीएससीओ द्वारा एकत्र किए गए नमूनों की अल्केम द्वारा निर्मित दोनों उत्पादों के वास्तविक बैचों के साथ तुलना करके गहन जांच की और पाया कि सीडीएससीओ के नमूने नकली थे और अल्केम द्वारा निर्मित नहीं थे।

# जीएसटी के दायरे में आएंगे पेट्रोल-डीजल, 20 रुपए होगा सस्ता: पुरी

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में पेट्रोल और डीजल को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने की संभावना पर चर्चा की। पुरी ने कहा कि यह कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जरूरी है और इसके लिए आम सहमति बनानी होगी। अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमत में 20 रुपए लीटर तक की कमी देखने को मिल सकती है। पुरी ने पुणे इंटरनेशनल सेंटर के 14वें स्थापना दिवस पर एक व्याख्यान में कहा कि वह लंबे समय से इस मुद्दे का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी वरिष्ठ सहयोगी, वित्त मंत्री, ने भी इस दिशा में सकारात्मक बातें की हैं। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल और डीजल राज्यों के लिए महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत हैं और इसलिए सभी राज्यों की सहमति आवश्यक होगी। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ईंधन की खोज और उत्पादन को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने यह भविष्यवाणी की कि अगले दो दशकों में भारत दुनिया की कुल ऊर्जा खपत में 25 प्रतिशत का योगदान देगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पेट्रोल और डीजल राज्यों के लिए महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी राज्यों की सहमति की आवश्यकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि सभी राज्यों का इसमें शामिल होना कठिन है, क्योंकि शराब और ऊर्जा जैसे उत्पादों पर राज्य करों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। पुरी ने केरल हाईकोर्ट के उस सुझाव का भी उल्लेख किया, जिसमें जीएसटी परिषद में इस मुद्दे पर चर्चा करने की बात कही गई थी। लेकिन केरल के वित्त मंत्री ने इससे असहमति जताई, क्योंकि गैर-भाजपा शासित राज्य पेट्रोल और डीजल पर लगने वाला अतिरिक्त वैट छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इस स्थिति में, पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए सहमति स्थापित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा, लेकिन यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# सिस्को ने चेन्नई में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शुरू किया

### इस परियोजना से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियां मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।**



भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में विस्तार करने के लिए सिस्को ने चेन्नई में अपने पहले मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की शुरुआत कर दी है। इससे सिस्को का लक्ष्य सालाना 1.3 अरब डॉलर से ज्यादा का उत्पादन करना है, जिससे निर्यात और घरेलू उत्पादन दोनों बढेगा। इस परियोजना से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है। सिस्को ने इस प्लांट को स्थापित करने के लिए फ्लेक्स के साथ साझेदारी की है। इस यूनिट में शुरू में सिस्को के नेटवर्क कन्वर्जेंस सिस्टम (एनसीएस) 540 सीरीज राउटर्स पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कंपनी ने साइट पर उन्नत राउटिंग और स्विचिंग उत्पादों का उत्पादन करने की योजना बनाई है ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। सिस्को ने कहा कि यह अत्याधुनिक प्लांट भारत और दुनिया भर में संगठनों की तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए सिस्को के बेहतरीन राउटिंग और स्विचिंग उत्पादों की एक सीरीज का उत्पादन करेगी। इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उदघाटन केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सिस्को के सीईओ चक रॉबिन्स और सिस्को इंडिया की अध्यक्ष डेज़ी चित्तिलापिल्ली द्वारा किया गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सिस्को ने फ्लेक्स के साथ मिलकर चेन्नई प्लांट का सफलतापूर्वक निर्माण किया है और एडवांस टेलीकॉम तकनीक लाई है जो भारत और वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जोड़ने में मदद कर सकती है। यह सिस्को और फ्लेक्स की 25 साल की लंबी साझेदारी में अगला मील का पत्थर है, जो वैश्विक स्तर पर तेजी, लचीलापन और टिकाऊ प्रथाओं के साथ मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने का काम कर रही है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार जल्द होगा 700 अरब डॉलर के पार

### – लगातार 6वें सप्ताह फॉरेक्स रिजर्व में करीब 22 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।**



घरेलू शेयर बाजार लगातार इतिहास रचता हुआ दिखाई दे रहा है। सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशी बाजारों में भी भारत के सेंसेक्स और निफ्टी की चर्चा हो रही है। वहीं भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी लगातार इतिहास रचता हुआ दिखाई दे रहा है। जानकारों की मानें तो आने वाले कुछ हफ्तों देश का फॉरेक्स रिजर्व 700 अरब डॉलर के भी पार सकता है। वैसे फॉरेक्स रिजर्व में लगातार 6वें हफ्ते इजाफा देखने को मिला है। इस दौरान फॉरेक्स रिजर्व में करीब 22 अरब डॉलर की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर की नयी ऊंचाई पर जा पहुंचा था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जारी आंकड़ों के अनुसार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। दूसरी ओर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.54 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.46 अरब डॉलर रहा।

# भारत और भूटान ने बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली ।**

भारत और भूटान ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कुछ सीमा पार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए चर्चा की। इनमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना का मुद्दा भी शामिल रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल और भूटान के उद्योग, वाणिज्य एवं रोजगार मंत्रालय (एमओआईसीई) के सचिव दाशो ताशी वांगमो के बीच थिम्पू में हाल ही में हुई बैठक में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बैठक की सह-अध्यक्षता करते हुए सीमापार और संपर्क के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्णय लिया। इसमें जयगांव-फुंटशोलिंग में एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना और कोकराझार-गेलेफू और बानरहाट-समात्से के बीच रेल संपर्क शामिल है। बयान के अनुसार दोनों सचिवों ने भूटान से भारत में कबाड़ के आयात के लिए एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) जयगांव की अधिसूचना, भारत-भूटान सीमा पर सीमा हाट की स्थापना, व्यापारियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और भूटान से भारत में बोल्डर के आयात पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा भूटान से भारत में आयात के लिए लकड़ी की तीन अतिरिक्त किस्मों को शामिल करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही मार्च 2024 में हस्ताक्षरित भूटान खाद्य एवं औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधिकारिक नियंत्रण को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मान्यता देने के लिए समझौते के शीघ्र परिचालन पर विचार-विमर्श किया गया।

## एनएसई, बीएसई ने लेनदेन शुल्क में किया संशोधन

**नई दिल्ली ।**

देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने नकद और वायदा एवं विकल्प सौदों के लिए अपने लेनदेन शुल्क में संशोधन कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा शेयर बाजार समेत बाजार अवसंरचना से जुड़े संस्थानों के सभी सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना अनिवार्य करने के बाद यह कदम उठाया गया। शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि संशोधित दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। बीएसई ने इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में सेंसेक्स और बैंकेक्स विकल्प अनुबंधों के लिए लेनदेन शुल्क को संशोधित कर 3,250 रुपये प्रति करोड़ प्रीमियम कारोबार कर दिया है। हालांकि इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में अन्य अनुबंधों के लिए लेनदेन शुल्क अपरिवर्तित रहेगा। सेबी ने जुलाई में बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) के शुल्कों के बारे में एक परिपत्र जारी किया था। इसमें कहा गया है कि एमआईआई के पास सभी सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना होनी चाहिए, जो मौजूदा कारोबार की मात्रा आधारित प्रणाली की जगह लेगी।



## इस साल आईपीओ बाजार रहेगा तेज

### दिसंबर तक 1 लाख करोड़ जुटा सकती हैं कंपनियां

**मुंबई ।** इस साल का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार में भी शेयर बाजार की तरह तेजी बनी रहने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि कंपनियां दिसंबर तक एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जुटा सकती हैं। इससे पहले 2021 में 63 आईपीओ के जरिए 1.20 लाख करोड़ रुपए जुटाने का रिकॉर्ड बनाया था। इस साल के अंत तक कई बड़ी कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं। एक्सचेंजों के आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक कुल 62 आईपीओ आए हैं, जिन्होंने 64,513 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसके मुकाबले 2023 में 57 कंपनियों ने 49,437 करोड़ और 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ रुपए जुटाए थे। सितंबर में 10 आईपीओ के जरिये 11,826 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं, और दो और कंपनियां 500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए बाजार में उतरने वाली हैं। इस साल के अंत तक कई बड़ी कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं, जिससे बाजार और गर्म हो सकता है। ह्युंडई मोटर 25,000 करोड़ रुपए के सबसे बड़े इश्यू के साथ अक्टूबर के अंत या नवंबर के पहले सप्ताह में आ सकती है। स्विगी 11,000 करोड़ रुपए के आईपीओ के साथ नवंबर में बाजार में उतरने की तैयारी में है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10,000 करोड़ रुपए और अफकॉन्स इन्फ्रा 8,400 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही हैं। ये चार कंपनियां मिलकर 54,000 करोड़ रुपए जुटा सकती हैं। इसके अलावा वॉरी एनर्जी 3,000 करोड़ और वन मोबिक्विक 700 करोड़ रुपए जुटाने के लिए अक्टूबर में बाजार में आएंगे।

## स्टर्लिंग विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के प्रवर्तकों ने हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली ।** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के प्रवर्तकों शापूरजी पालोनजी और खुर्शीद यजदी दारूवाला ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिए कंपनी में 7.14 फीसदी हिस्सेदारी 1,040 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी (एसडब्ल्यूसोलर) में 1.35 करोड़ शेयर बेचे, जो 5.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। इसके अलावा खुर्शीद यजदी दारूवाला ने सौर ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) समाधान प्रदाता कंपनी में 31.50 लाख शेयर बेचे। शेयरों का निपटान 623.28-630.01 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे में किया गया, जिससे संयुक्त सौदे का मूल्य 1,039.88 करोड़ रुपये हो गया। सौदे के बाद एसडब्ल्यूसोलर में शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी की हिस्सेदारी 12.73 प्रतिशत से घटकर 6.95 प्रतिशत हो गई है, जबकि दारूवाला की हिस्सेदारी 1.48 प्रतिशत से घटकर 0.13 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह की संयुक्त शेयरधारिता 52.91 प्रतिशत से घटकर 45.77 प्रतिशत रह गई है।

## स्कोप को पांच करोड़ डॉलर वीसीएफ पेश करने सेबी की मंजूरी

नई दिल्ली । स्टार्ट-अप नेटवर्किंग मंच स्कोप को पांच करोड़ डॉलर का उद्यम पूंजी कोष (वीसीएफ) पेश करने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बताया कि इस कोष से भारत और अमेरिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय प्रौद्योगिकी और गेमिंग क्षेत्र में उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप में निवेश किया जाएगा। स्कोप का उद्यम पूंजी कोष कारोबार शुरुआती चरण में प्रत्येक स्टार्टअप को पांच लाख डॉलर से लेकर 20 लाख डॉलर तक के निवेश की पेशकश करेगा। कंपनी ने बयान में कहा कि स्कोप ने अपनी निवेश बैंकिंग इकाई स्कोप वीसी के तहत अपने नए पांच करोड़ डॉलर के उद्यम पूंजी कोष की पेशकश के साथ उद्यमशीलता परिवेश में एक और बड़ा कदम उठाया है। यह कोष विशेष रूप से भारत और अमेरिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय प्रौद्योगिकी और गेमिंग क्षेत्र में निवेश करने के लिए है।

## अक्टूबर में आम आदमी से जुड़ी चीजों के नियमों में होगा बदलाव

### - एलपीजी की कीमत से लेकर पीपीएफ खाते तक के नियम बदलेंगे

**नई दिल्ली ।** अगले महीने 1 अक्टूबर से आम आदमी से जुड़ी कई चीजों में बदलाव होने जा रहा है। इसमें एलपीजी की कीमतों से लेकर और पीपीएफ खाते तक के नियम शामिल हैं। दरअसल, हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। सरकारी और गैर-सरकारी कंपनियां भी अपने नियमों में बदलाव करती हैं। आम आदमी को इन नियमों में बारे में पता होता जरूरी है। इन बदलावों का आम आदमी के जेब पर सीधा असर आम पड़ता है। आमतौर पर हर महीने की एक तारीख को सरकार एलपीजी के दाम में बदलाव करती है। कमर्शियल गैस सिलेंडर से लेकर रसोई गैस के दाम में बदलाव देखा जाता है। ऐसे में इस बार भी एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव की उम्मीद की जा रही है। पिछले महीने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़े थे, जबकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव के साथ ही तेल मार्केटिंग कंपनियां एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) और सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में भी बदलाव करती हैं। ऐसे में इस बार भी बदलाव देखने को मिल सकता है। अगर एनआरआई खाताधारक अपने पीपीएफ खाते को नियमों के अनुसार अपडेट नहीं करते, तो उन्हें किसी प्रकार का ब्याज नहीं मिलेगा। नए दिशानिर्देशों के अनुसार नाबालिगों के नाम पर खोले गए पीपीएफ खातों में तब तक पीओएसए की ब्याज दर लागू रहेगी जब तक बच्चा 18 साल का नहीं हो जाता है। इसके अलावा अगर किसी के पास एक से अधिक पीपीएफ खाते हैं, तो केवल प्रमुख खाते पर ही योजना की ब्याज दर लागू होगी।

# सेंसेक्स और निफ्टी में सप्ताह भर जोरदार तेजी रही

**मुंबई ।**




घरेलू शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन भी तेजी के साथ कारोबार देखा गया। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक बाजार की बेहतर स्थिति और घरेलू स्तर पर निवेश बढ़ने से शेयर बाजार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में सफल हो रहे हैं। वहीं रिटेल निवेशकों की बढ़ती हिस्सेदारी से भी शेयर बाजार में तेजी दिखाई दे रही है। शेयर बाजार के सप्ताह भर के कारोबार को देखें तो भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सोमवार को हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान भारती एयरटेल, एमएंडएम और एचडीएफसी बैंक में छलांग के कारण घरेलू इंडेक्स नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले। बीएसई सेंसेक्स 287 अंक बढ़कर 84,831 पर खुला और 384.30 अंक उछलकर 84,928.61 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी50 100 अंक बढ़कर 25,891 पर खुला और 148.10 अंकों की बढ़त के साथ 25,939.05 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शुरुआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार में हरियाली लौट आई है। मंगलवार को सेंसेक्स 66.71 अंकों की बढ़त के साथ 85,004.62 पर खुला और 14.57 अंक फिसलकर 84,914.04 पर बंद हुआ। निफ्टी 18.80 (0.07त्न) अंक मजबूत होकर 25,957.85 के स्तर पर खुला और 1.36 अंक की बढ़त के साथ 25,940.40 पर बंद हुआ। भारतीय ब्लू-चिप सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार चार सत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बाद बुधवार को थोड़ा कमजोर दिखे। बीएसई सेंसेक्स 64 अंक की गिरावट के साथ 84,850 पर के स्तर पर खुला और 255.83 अंकों की बढ़त के साथ 85,169.87 पर बंद हुआ। निफ्टी50 30 अंक गिरकर 25,910 के स्तर पर खुला और 63.75 अंक चढ़कर 26,004.15 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 146.65 अंकों की बढ़त के साथ 85,316.52 पर खुला और 86,000 बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी 30.70 अंक मजबूत 26,034.85 पर खुला और 26,200 के पार बंद हुआ। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी50 शुक्रवार को लगातार सातवें सत्र में नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे। सेंसेक्स 34 अंक बढ़कर 85,870 पर खुला और 264.27 अंकों की गिरावट के साथ 85,571.85 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी50 11 अंक बढ़कर 26,227 पर खुला और 37.10 अंक टूटकर 26,178.95 के स्तर पर बंद हुआ।

# ब्रिटेन का भी मिला साथ, तो यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता पक्की!

नई दिल्ली । भारत काफी समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्यता मांग कर रहा है, लेकिन चीन द्वारा लगाई गई कुछ रोक की वजह से मांग पूरी होने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि हाल में भारत के समर्थन में कई बड़े देशों का रुख सकारात्मक हुआ है। अमेरिका और फ्रांस के बाद अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी भारत की यूएनएससी में स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में अपने संबोधन के दौरान यह विचार व्यक्त किया। स्टार्मर ने कहा कि यूएनएससी को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और कार्रवाई करने के लिए तैयार निकाय के रूप में बदलने की जरूरत है। उन्होंने भारत, जापान, ब्राजील, और जर्मनी को स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया, साथ ही अफ्रीका को भी स्थायी प्रतिनिधित्व दिए जाने की वकालत की। इसके अलावा उन्होंने निर्वाचित सदस्यों के लिए अधिक सीटें बढ़ाने की भी आवश्यकता बताई। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी भारत की स्थायी सदस्यता के समर्थन में बयान दिए थे। मैक्रॉन ने यूएनएससी में सुधार और इसे अधिक समावेशी बनाने पर जोर दिया था। उन्होंने भारत, ब्राजील, जापान, और जर्मनी के साथ दो अफ्रीकी देशों को भी स्थायी सदस्यता देने की वकालत की। भारत का तर्क है कि 1945 में स्थापित 15 सदस्यीय यूएनएससी मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता और इस मंच में सुधार की आवश्यकता है। भारत के अलावा जापान, ब्राजील, और जर्मनी भी लंबे समय से सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की मांग कर रहे हैं, जिसे जी4 देशों का समूह कहा जाता है। भारत का कहना है कि उसे इस महत्वपूर्ण मंच पर स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए, क्योंकि वह दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और आर्थिक शक्तियों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के योगदान और विकासशील देशों के मुद्दों पर उसकी मजबूत स्थिति इसे इस सदस्यता का मजबूत दावेदार बनाती है।

## महिलाओं को वजनदार मंगलसूत्र खरीदने में अब नहीं होगी समस्या: गोयल

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोना सस्ता होने के बाद महिलाएं अब अधिक वजनदार मंगलसूत्र भी खरीद सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि आयात शुल्क में कटौती के बाद कारोबार में उछाल आया है। अब मेरी राय में हमारी बहनों को अपने मंगलसूत्र खरीदने में मामले में कोई समस्या नहीं होगी और आप वजनदार मंगलसूत्र भी खरीद सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोने के आयात पर सीमा शुल्क में भारी कटौती की घोषणा की थी। इस तरह शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि स्वर्ण उद्योग में शुल्क कम करने की बात हर चर्चा में छाई रहती थी और शुल्क कम करने की मांग होती रही थी। उन्होंने स्वर्ण एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद से विदेशों में आभूषण विक्रेताओं की दुकानों से भारतीय पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने में मदद करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे देश और पूरे क्षेत्र को मदद मिलेगी।

# भारत / बांग्लादेश दूसरा टेस्ट : एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हुआ दूसरे दिन का खेल, 9 साल बाद हुआ ऐसा

**कानपुर (एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैच की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच का कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई जिससे ग्रीन पार्क स्टेडियम पर दूसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका। पहले दिन भी बारिश की वजह से मैच देरी से शुरू हुआ था। 35 ओवर का खेल होने के बाद बारिश के कारण आगे का खेल रद्द करना पड़ा। इससे पहले 2015 में ऐसा हुआ था, जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में पूरा दिन खेल नहीं हो सका था।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2015 में चार मैच की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में बारिश की वजह से मैच ड्रॉ रहा था। बेंगलुरु में खेले गए मुकाबले में भारतीय कप्तान ने टॉस जीतकर वहां भी पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। अफ्रीका ने पहली पारी में 59 ओवर में सभी विकेट खोकर 214 रन बनाए। भारत ने 22 ओवर में 80 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद मैच को ड्रॉ घोषित करना पड़ा।

भारत और बांग्लादेश मैच की बात करें तो दूसरे दिन मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रुकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी जिस कारण सवा दो बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना है। हालांकि, सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है। ऐसे में मैच ड्रॉ की ओर बढ़त दिख रहा है।



## एआईटीए ने नये पदाधिकारियों का चुनाव किया, अदालत के निर्देश पर परिणाम रोका गया




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने नये पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन कर लिया, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई। अदालत में महासंघ द्वारा खेल संहिता के उल्लंघन की याचिका पर सुनवाई जारी है। एआईटीए को अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में चुनाव करवाना था, लेकिन मतदान की जरूरत नहीं हुई क्योंकि निर्वाचन अधिकारी को प्रत्येक पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ था।

इस चुनाव में नये अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के अलावा आठ उपाध्यक्ष, चार संयुक्त सचिव और कार्यकारी परिषद के 10 सदस्य चुने गये हैं। यह पता चला था कि रोहित राजपाल और एक अन्य उम्मीदवार ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था लेकिन भारतीय डेविस कप के गैर-खिलाड़ी कप्तान रहे राजपाल ने बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। पूर्व भारतीय खिलाड़ियों सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा ने एआईटीए चुनावों पर रोक लगाने की मांग की थी।उनका दावा था कि महासंघ खेल संहिता का पालन नहीं कर रहा है और चुनाव लड़ने वाले कई उम्मीदवार इसके लिए योग्य नहीं है।

अदालत ने इस याचिका पर चुनावों पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन एआईटीए और खेल मंत्रालय से अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, '' चुनाव तत्काल रिट याचिका के परिणाम के अधीन रहेगा। चुनाव के परिणाम को चुनाव अधिकारी द्वारा सीलबंद लिफाफे में रखा जाएगा, जिसका अर्थ है कि चुनाव के परिणाम को प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इस मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। मामले की सुनवाई तक पदाधिकारियों की नयी और पुरानी टीम संयुक्त रूप से महासंघ का ध्यान रखेगी।

## कोहली का मानक इतना ऊंचा है कि मामूली गिरावट भी आलोचना बन जाती है

**–पार्थिव पटेल और तमीम इकबाल ने विराट के प्रदर्शन को लेकर कहा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पार्थिव पटेल और तमीम इकबाल ने विराट कोहली की स्थिति को लेकर कई बातें साझा की हैं, विराट की तुलना फैब फोर के खिलाड़ियों-स्टीव स्मिथ, केन विलियमसन, और जो रूट से की है। दोनों पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि विराट कोहली पर बाकी तीनों की तुलना में बहुत ज्यादा दबाव होता है, और यह उनके प्रदर्शन पर असर डाल सकता है।

पार्थिव पटेल ने कहा विराट ने अपनी बल्लेबाजी का मानक इतना ऊंचा कर लिया है कि वह 60 या 70 रन भी बनाते हैं, तो उसे विफलता के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि कोहली पर भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की उम्मीदों का दबाव हमेशा रहता है। जब भी वह मैदान में आते हैं तो उनसे शतक की उम्मीद की जाती है लेकिन पार्थिव ने यह भी कहा कि विराट के अंदर अभी भी खेल के प्रति जोश और जुनून मौजूद है और वह अपने खेल का आनंद लेते हैं। विराट उम्र के साथ जरूर बदल रहे हैं, लेकिन दबाव का सामना करने की उनकी क्षमता भी बड़ी है।

वहीं तमीम इकबाल ने विराट कोहली को बेहतरीन बल्लेबाज माना, खासकर उनके सफेद गेंद वाले क्रिकेट के प्रदर्शन को लेकर। इकलाब ने कहा कि विराट ने भारत को अकेले दम पर कई मैच जिताए हैं, जो बाकी तीन खिलाड़ियों के मुकाबले कहीं ज्यादा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोहली पर जितना दबाव होता है, उतना दबाव स्टीव स्मिथ, जो रूट, और केन विलियमसन पर नहीं रहता। इन टिप्पणियों से यह साफ हो जाता है कि विराट की महानता और उनके ऊपर उम्मीदों का दबाव हमेशा उनके प्रदर्शन के साथ जुड़ा रहा है। उनका मानक इतना ऊंचा है कि मामूली गिरावट भी उनकी आलोचना बन जाती है, लेकिन वे अब भी भारतीय क्रिकेट के सबसे अहम और दबाव में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं वह वाकई विराट हैं।

## आर्चर ने फेंकी ऐसी गेंद मार्श को नहीं दी दिखाई और लौटे पवेलियन

**–इंग्लैंड ने चौथे वनडे में आस्ट्रेलिया को 186 रन से हराया**

**लंदन (एजेंसी)।** जोफ्रा आर्चर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने से पहले ही तेज गेंदबाज बन गए हैं। कैरेबियन देश में जन्मे आर्चर ने 2019 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया था। वर्ल्ड कप 2019 के फाइनल में सुपर ओवर डालकर अपनी टीम को जीत दिलाई। फिर उसी साल एशेज सीरीज अपनी पेस बॉलिंग कर हर बल्लेबाज में अपना डरा बैठा दिया, लेकिन फिर चोट के कारण आर्चर मैदान से दूर हो गए। बीच-बीच में वापस लौटे लेकिन फिटनेस ने उनका साथ नहीं दिया।

अब आर्चर ने फिर वापसी की है और पूरी लय में नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड टीम अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। जोफ्रा आर्चर भी इस सीरीज में इंग्लैंड टीम में शामिल हैं। लॉड्र्स पर खेले गए



चौथे मुकाबले में जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को बोल्ड मार कर पवेलियन रवाना कर दिया। आर्चर की गेंद इतनी तेजी से अंदर आई कि मार्श को लाइन में जाने का भी मौका नहीं मिला। गेंद उन्हें छकाती हुई विकेट में जा लगी। मार्श अच्छी बैटिंग कर रहे थे और 34 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए।

मार्श के आउट होने के बाद मार्नस लाबुशेन मैदान पर आए। आर्चर ने करीब 149 की स्पीड से गेंद फेंकी। यह गेंद लाबुशेन के हाथ पर लगी और वह दर्द से कराह उठे। डॉक्टर ने उन्हें चेक किया। उनके हाथ पर पट्टी लगाई गई। फिर कहीं जाकर वह खेलने के लिए तैयार हुए। वह ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाए और 10 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। आर्चर ने 7 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। 39-39 ओवर के इस मैच को इंग्लैंड ने 186 रन से जीत लिया।

बता दें लॉड्र्स के ही मैदान पर 2019 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट हुआ था। उसमें आर्चर ने स्टीव स्मिथ के हेलमेट पर बाउंसर मारकर उन्हें घायल कर दिया था। फिर कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में मार्नस लाबुशेन प्लेइंग इलेवन में आए थे। दूसरी पारी में पहली ही गेंद पर आर्चर ने लाबुशेन के ग्रिल पर बाउंसर मार दी थी।


## ऑस्ट्रेलिया की शर्मनाक हार, 126 पर सिमटी, सीरीज 2–2 की बराबरी पर

खेल डैस्क ।लॉड्र्स के मैदान पर टॉस जीतना इन दिनों फायदा का सौदा होता जा रहा है।रिकॉर्डबुक खंगाले तो यहां खेले गए पिछले 9 वनडे मुकाबलों में जो भी टीम पहले बल्लेबाजी करती है वह जीतने में सफल रहती है।शुक्रवार शाम इंग्लैंड टीम को भी इसी तरह ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत हासिल हुई।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच वनडे मैचों की सीरीज के चौथे मैच में इंग्लैंड को 186 रनों की जीत मिली है।इंग्लैंड ने बारिश बाधित मैच में पहले खेलते हुए हैरी ब्रूक के 87 और लिविंगस्टोन के 62 रनों की बदौलत 312 रन बनाए थे जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 126 रन पर ही ऑलआऊट हो गई।

इंग्लैंड ने ओपनर फिलिप सॉल्ट (22) का विकेट 10वें ओवर में गंवाया।जबकि विल जैक 10 ही रन बना पाए।लेकिन इसके बाद बेन डंकेट और कप्तान हैरी ब्रूक ने स्कोर 150 पार लगाया।डंकेट ने 62 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 63 रन बनाए।जबकि ब्रूक 58 गेंदों पर 11 चौके और एक छक्के की मदद से 87 रन बनाने में सफल रहे।जेमी स्मिथ ने 28 गेंदों पर 39 रन बनाए।इसके बाद मध्यक्रम में लियाम लिविंगस्टोन और बीथल स्कोर को 5 विकेट के नुकसान पर 312 तक ले गए।लियाम ने 27 गेंदों पर तीन चौके और 7 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए।इंग्लैंड के लिए जंपा ने 66 रन देकर 2 विकेट लीं।

## अभी संन्यास नहीं लेंगे आदिल राशिद

डरहम ।इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद ने कहा कि अभी उनका संन्यास का कोई इरादा नहीं है।साथ ही कहा कि वह वह 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक खेलते हुए युवाओं से अपने अनुभव साझा करना चाहते हैं।36 वर्षीय राशिद ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ एक केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जो



उन्हें 2025 के अंत तक टीम में बनाए रखेगा और उनका लक्ष्य अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप और 2027 50 ओवर का विश्व कप खेलना है।राशिद ने कहा, मैंने अभी तक भविष्य के बारे में नहीं सोचा है। खेलते रहना, इसका आनंद उठाना, फिट रहना, अच्छी गेंदबाजी करना, जीत में योगदान देना, उम्मीद है कि विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना मेरा अंतिम लक्ष्य है।मैं हर मैच और हर सीरीज खेल रहा और अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं, तो मैं खेलना जारी रखूंगा।इतने लंबे समय तक खेलना और विकेट लेना, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था, इसलिए उम्मीद है कि मैं इसे जारी रखूंगा।यह उतार–चढ़ाव के साथ एक मजेदार सफर रहा है और उम्मीद है कि मैं अपने करियर के बाकी बचे हिस्से में भी इसी तरह आगे बढ़ूंगा।साथ ही कहा, मैंने अभी तक संन्यास लेने या ऐसा कुछ करने के बारे में नहीं सोचा है, यह मेरे दिमाग में भी नहीं आया है।

## आईसीसी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नये सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है।बैठक इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है।महिला टी20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आये हैं।बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है।उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जायेगा।सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं।यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नये परिसर के उद्घाटन के लिये एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी: ऑस्ट्रेलिया टीम को सता रहा अश्विन और जडेजा का डर

**–मैक्सवेल बोले– ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना होगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि उनके बल्लेबाज भारत की स्पिन जोड़ी, अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं। भारत ने पिछले दोनों दौरों में ऑस्ट्रेलिया को उनकी धरती पर हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और अब टीम इंडिया तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल करने की तैयारी में है।

मैक्सवेल ने कहा कि अक्सर अश्विन और जडेजा की जोड़ी ही खेल का नतीजा तय करती है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन



दोनों गेंदबाजों का सामना करने के बाद ऐसा लगता है कि उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का परिणाम तय करता है। हालांकि मैक्सवेल खुद ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने यह साफ कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को भारत के अनुभवी स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने मिलकर अब तक 330 पारियों में 821 विकेट लिए हैं और 50 बार पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया है। मैक्सवेल के मुताबिक यदि ऑस्ट्रेलिया इन दोनों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाती है, तो टीम जीत की अच्छी स्थिति में होगी। मैक्सवेल ने गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी तारीफ की, जिन्हें वह 2013 में आईपीएल के दौरान पहली बार नेट्स में गेंदबाजी करते हुए देख चुके हैं। मैक्सवेल ने कहा कि अब बुमराह को इस तरह शानदार तरीके से आगे बढ़ते हुए देखना अद्भुत है। वह तीनों प्रारूपों में शायद सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। अश्विन और जडेजा की कुशल स्पिन और बुमराह की तेज गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत की संभावनाओं को काफी हद तक प्रभावित करेगा।

## हार्दिक पंड्या के टेस्ट क्रिकेट खेलने पर पार्थिव पटेल ने दिया बड़ा बयान



नई दिल्ली।इन दिनों हार्दिक पंड्या को लेकर कहा जा रहा है कि, वह नवंबर में होने वाली बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी से टेस्ट में वापसी कर सकते हैं।लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल का मानना है कि हार्दिक पंड्या टेस्ट क्रिकेट में कभी वापसी नहीं कर पाएंगे।हालांकि, उन्होंने इसके पीछे के कारण का भी खुलासा किया है।हाल ही में हार्दिक पंड्या को नेट्स में लाल गेंद से अभ्यास करते देखा गया और उसके बाद कयास लगाने लगे कि उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी हो सकती है।हार्दिक पंड्या पीठ में सर्जरी के बाद से खुद को सिर्फ वनडे और टी20 के लिए उपलब्ध रखा है।उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भी चोट लगी थी और उसके बाद उन्होंने फिर से क्रिकेट के मैदान पर कई महीनों के बाद वापसी की थी और पहले आईपीएल 2024 में हिस्सा लिया और फिर भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी खेला ।सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो लाल गेंद से अभ्यास करते हुए दिखे थे।उसके बाद माना जा रहा था कि वो अगले रणजी सीजन में खेलते हुए दिख सकते हैं। हार्दिक ने साल 2018 में बड़ोदा के खिलाफ आखिरी फर्स्ट क्लास मैच खेला था। अब पार्थिव पटेल ने उन अफवाहों पर विराम लगाने का काम किया है जिसमें कहा जा रहा था कि वो लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।पार्थिव पटेल ने कहा कि पंड्या ने लाल गेंद से इस वजह से प्रैक्टिस की क्योंकि सफेद गेंद उपलब्ध नहीं थी।

## इंग्लैंड और दक्षिण अफीका के बीच खेला गया था सबसे लंबा टेस्ट




मुम्बई ।आजकल जहां टेस्ट क्रिकेट में भी आक्रामक रणनीत अपनायी जा रही है।जिससे अधिकतर मैच पांच दिनों से पहले ही समाप्त हो रहे हैं।वहीं पहले के दौर में ऐसा नहीं था तब कई मैच ड्रॉ होते थे।इसके बाद भीटेस्ट क्रिकेट की कितनी दीवानगी थी उसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि साल 1939 में डरबन में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच एक ऐसा ही बेहद लंबा टेस्ट मैच खेला गया था।यह मैच 43 घंटे 16 मिनट चला और इसमें कुल 1981 रन बने थे।साल 1939 में डरबन में ये ऐतिहासिक टेस्ट मैच खेला गया था।तीन मार्च से शुरू हुआ यह मुकाबला 14 मार्च तक चला पर इसके बाद भी ड्रॉ रहा।12 दिन के इस मैच में दो रेस्ट डे थे और एक दिन खराब मौसम के कारण खेल नहीं हुआ।इस प्रकार नौ दिन हुए खेल में 680.7 ओवर फेंके गये।उस समय 8 गेंद का एक ओवर हुआ करता था. जबकि आज 6 गेंद का ओवर हो रहा है।अभी टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो एक मैच में तकरीबन 450 ओवर 2700 गेंद का खेल होता है।वहीं जरूरी होने पर अंतिम दिन 8 ओवर बढ़ाए जा सकते हैं।इस प्रकार देखा जाये तो उस टेस्ट में अभी से दोगुने से भी ज्यादा ओवर में फेंके गए थे।इस सबसे लंबे टेस्ट मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 530 और दूसरी पारी में 481 रन बनाए थे जबकि इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 316 रन ही बना पायी थी।अंतिम पारी में उसे जीत के लिए 696 रन बनाने पर वह 5 विकेट पर 654 ही बना पायी थी।नौवें दिन के बाद ये मैच बिना परिणाम के ही समाप्त हो गया।

## केन विलियमसन को एक ही सेशल में दो बार करनी पड़ी बल्लेबाजी, श्रीलंका के सामने पस्त न्यूजीलैंड

नई दिल्ली।श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की बुरी हालत हो गई है।दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है।मेजबान श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खेल के तीसरे दिन 5 विकेट पर 602 रन बनाकर अपनी पारी को घोषित किया।इसके जवाब में जब न्यूजीलैंड की बैटिंग शुरू हुई तो पूरी टीम ताश के पत्तों की रह बिखर गई।न्यूजीलैंड की टीम दूसरे सेशन के खत्म होने से पहले ही 88 रन पर ही ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे ज्यादा मिचेल सैंटनर ने 29 रनों की पारी खेली।इसके अलावा 7 बल्लेबाज ऐसे रहे जो दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाए।टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन 53 गेंद खेलकर महज 7 रन बना सके।इसके साथ विलियमसन के नाम के एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया जिसे वह कभी याद नहीं रखना चाहेंगे।केन विलियमसन दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में से एक हैं।विराट कोहली, जो रूट और स्टीव स्मिथ के साथ मॉर्डन डे क्रिकेट में वह फैब फोर में गिने जाते हैं, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच में उन्हें करियर में पहली बार एक ही सेशन में दो बार बैटिंग के लिए उतरना पड़ा जो कि काफी शर्मनाक है।श्रीलंका के मिले फॉलोऑन के बाद विलियमसन को बिलकुल भी उम्मीद नहीं थी कि उन्हें दोबरा बैटिंग के लिए जाना पड़ेगा।दरअसल, न्यूजीलैंड की शुरुआत दूसरी पारी में भी निराशजनक रही थी।ओपनर बल्लेबाजों ने अपना विकेट जल्दी गंवा दिया।ऐसे में उन्हें मैदान पर उतरना पड़ा गया। दूसरी पारी में केन ने क्रीज पर अपना पैर जमाया और डेवोन कॉन्वे के साथ मिलकर टीम के लिए फिफ्टी साझेदारी की।

## बल्लेबाजी की तरह ऋषभ पंत की कप्तानी की भी अलग शैली है: मनोज तिवारी



**सूरत (गुजरात) (एजेंसी )।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने ऋषभ पंत की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कप्तानी करने की एक अलग शैली है। पंत ने टी20 विश्व कप 2024 के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी की है। उन्होंने 8 मैच में 127.61 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 128 गेंदों पर 85.16 के स्ट्राइक रेट से 109 रन की पारी खेलकर फैंस का दिल जीत लिया। पंत के बल्ले से इस दौरान 13 चौके और 4 छक्के भी निकले थे। वह अपनी फार्म में हैं। ऐसे में मनोज ने कहा कि पंत की कप्तानी की शैली अलग है लेकिन फिर भी गिल के राष्ट्रीय टीम के अगले कप्तान बनने की अधिक संभावना है। तिवारी ने कहा कि जो व्यक्ति एक नेता के रूप में सामने आ रहा है, उसे ही टीम का नेतृत्व करना चाहिए। हाल ही में, हमने देखा कि शुबमन गिल को कई श्रृंखलाओं में कप्तानी दी गई थी। इससे पता चलता है कि बीसीसीआई उनका समर्थन कर रहा है, लेकिन भारत के पास ऋषभ पंत भी हैं। पंत के पास है कप्तानी की एक अलग शैली। इसलिए ये लोग अगली टीम का नेतृत्व करने के लिए दावेदार हैं, जिसमें से गिल के पास पंत से अधिक मौके हैं।

चोट से वापसी के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज का पहला क्रिकेट टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग 2024 पंत था, जहां वह मुख्य आकर्षणों में से एक थे। दिसंबर 2022 में अपनी भयानक कार दुर्घटना के बाद 14 महीने की रिकवरी के बाद उन्होंने क्रिकेट में वापसी की थी। आईपीएल 2024 में पंत ने 13 मैचों में 446 रन बनाए थे। बहरहाल, पंत अभी बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर के मैदान पर दूसरा टेस्ट खेलने में बिजी है। पंत के लिए यह टेस्ट सीरीज महत्वपूर्ण है जिसमें वह लय में आते दिख रहे हैं। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज होनी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पंत भारत के लिए तरुप का इक्का हो सकते हैं क्योंकि पिछले दो दौरों में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत रही है। इस दौरान पंत का प्रदर्शन शानदार रहा है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com





# हमेशा से परिवार शुरू करना चाहती हैं शोभिता, सगाई के बाद अब किया खुलासा



नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला जिंदगी के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। 8 अगस्त को अभिनेता ने शोभिता धुलिपाला के साथ सगाई कर ली है। दोनों ने एक-दूजे को मंगनी की अंगूठी पहनाई। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने बताया है कि शादी कर के घर बसाने की उनकी हमेशा से इच्छा रही है। यही नहीं, अभिनेत्री ने मां बनने पर भी खुलकर बात की है। एक साक्षात्कार के दौरान, शोभिता धुलिपाला ने बताया कि कैसे वह हमेशा शादी करना चाहती थीं और शादी के बाद बच्चे पैदा करना चाहती थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह हमेशा खुद को शादी करने और मां बनने के अहसास को अपनाने की कल्पना करती रहती थीं। शोभिता ने कहा, मैंने हमेशा सोचा था कि मैं हमेशा मां बनने का पूरा अनुभव चाहती हूं। मैं इस बारे में बहुत स्पष्ट थी और शादी करना चाहती थी। मैंने हमेशा खुद को उस सेटिंग में देखा। यह कुछ ऐसा है, जिसके बारे में मैंने कल्पना की थी। इसके अलावा इंटरव्यू के दूसरे पॉइंट पर शोभिता ने नागा चैतन्य के साथ अपनी सगाई समारोह के बारे में भी बताया, जिसमें सब कुछ सरल और सादगी से हुआ था। अभिनेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनके जीवन के इस खास पल को फैंसी होने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह दिन उनके लिए बिल्कुल सही था और वह संतुष्ट महसूस कर रही थीं। हालांकि, जब से नागा चैतन्य और शोभिता ने सगाई की है, तब से ही इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि उनकी शादी कैसी होगी। हालांकि, दोनों अभिनेताओं के करीबी सूत्रों ने न तो शादी की तारीख और न ही समारोह स्थल का खुलासा किया है, लेकिन कुछ पिछली रिपोर्टों की मानें तो दोनों राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग कर सकते हैं। नागा और शोभिता ने 8 अगस्त को हैदराबाद में अपने करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में सगाई कर ली थी। बाद में, नागार्जुन अक्किनेनी ने जल्द ही शादी करने वाले कपल की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें उनकी सगाई की घोषणा की गई और शोभिता का परिवार में स्वागत किया गया था।

# निर्देशक मुझे अमीर, उच्च समाज का व्यक्ति नहीं मानते

**अभिनेता मनोज बाजपेयी कई तरह की भूमिकाएँ निभाने के लिए जाने जाते हैं। हालाँकि, मनोज को एक प्रभावशाली और समृद्ध व्यक्ति के रूप में नहीं चुना गया है।**

अपने हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा है कि, मुझे कभी भी उच्च-समाज की भूमिकाओं के लिए नहीं चुना गया। मनोज ने कहा, गुलमोहर (2023) से पहले एकमात्र फ़िल्म जिसमें मैंने एक अमीर आदमी की भूमिका निभाई थी, वह थी ज़ुबैदा (2001)। यह श्याम बेनेगल का दृढ़ विश्वास था। वह वही थे जिन्हें लगा कि असली महाराजा ग्रीक देवता नहीं थे। वे सामान्य दिखते थे। वीर-ज़ारा (2004) में, मैंने पाकिस्तान के एक राजनेता की भूमिका निभाई। इसमें मेरे दो दृश्य थे, लेकिन यशजी (चोपड़ा) अड़े थे कि मैं यह करूँ। उन्होंने पिंजर (2003) देखने के बाद मुझे कास्ट किया। इन फ़िल्म निर्माताओं के पास वह नज़रिया था जो जीवन को करीब से देखने से उपजा है।

अभिनेता ने कहा, मैंने जो भूमिकाएँ निभाईं, वे ज़्यादातर मध्यम-वर्ग और निम्न-मध्यम-वर्ग की कहानियों पर आधारित थीं। मुझे कभी भी उच्च-समाज की भूमिकाओं के लिए नहीं चुना गया। कोई भी निर्देशक मुझे एक अमीर आदमी के रूप में नहीं देख सकता, सिवाय उन दो दिग्गजों के जिनका मैंने उल्लेख किया है। यह स्टीरियोटाइपिंग मौजूद है। मनोज बाजपेयी एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता हैं, जो गैंग्स ऑफ वासेपुर, शूल, सत्या, गुलमोहर, जोरम और कौन जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। अभिनेता को आखिरी बार कमर्शियल एंटरटेनर भैया जी में देखा गया था।

# क्रिस्टल डिसूजा ने टीवी इंडस्ट्री की पोली खोल!

**एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा का टीवी करियर शानदार रहा है। उन्होंने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वो ओटीटी पर भी नजर आ चुकी हैं। अब उन्होंने इंडस्ट्री की पोल खोली है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने उन मुश्किलों का सामना किया है, जो उन्हें सहने के लिए मजबूर किए गए थे। सेट पर लगातार 60 घंटे तक काम किया, कई बार बेहोश भी हुईं। एंबुलेंस तक बुलाना पड़ा था।**

क्रिस्टल डिसूजा ने इंटरव्यू में खुलासा किया कि हेल्थ संबंधी समस्याओं के बाद भी घंटों तक कड़ी मेहनत की। उन्होंने बताया कि कैसे एक्टर्स कभी-कभी 20-30 घंटे तक शूटिंग करते थे। मालूम हो कि क्रिस्टल को एक हजारों में मेरी बहना है से पहचान मिली थी। वो विस्फोट में भी नजर आ चुकी हैं।

## क्रिस्टल ने 2500 रुपये से की थी शुरुआत

एक्ट्रेस ने कहा, मैंने 2500 रुपये प्रति दिन से शुरुआत की थी। उस समय कोई नियम या गवर्निंग बॉडी नहीं थी, जो यह तय करती कि आप सिर्फ 12 घंटे ही शूटिंग कर सकते हैं।

## 60 घंटे लगातार शूटिंग, कई बार हुई बेहोश

उन्होंने आगे कहा, मैंने बिना रुके 60 घंटे तक शूटिंग की है। मैं कई बार सेट पर बेहोश हो चुकी हूं। टीम को एंबुलेंस बुलानी पड़ी। मुझे ढ्ढ ड्रिप और दवाइयां मिलतीं और मैं शूटिंग पर वापस चली जाती। यहां तक कि अस्पताल जाने का भी समय नहीं था। वे अस्पताल को सेट पर ही ले आते थे। यह मुझ पर भारी पड़ रहा था, मैं वैसे भी नहीं चल पा रही थी। लेकिन मेरे लिए अपने काम में अच्छा होने के लिए यह जरूरी था।

## टीवी ने क्रिस्टल को बनाया मजबूत

क्रिस्टल ने ये भी बताया कि उन्हें हमेशा लगता था कि वह उतनी अच्छी नहीं हैं। वो आर्थिक तंगी से भी जूझी हैं। उन्होंने कहा, टीवी ने मुझे बहुत मजबूत, कॉन्फिडेंट और सहज बनाया है। मैं टीवी की बदौलत ही अपना सबकुछ जी सकती हूं।



# बिग बॉस 18 से बाहर हुए धीरज धूपर

सलमान खान के बिग बॉस 18 शो को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त हाइप बना हुआ है। शो के प्रोमो के आने के बाद से ही लोगों में शो को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। शो को लेकर पिछले कई दिनों से प्रतियोगियों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, अब कई नाम कंफर्म भी हो गए है और मेकर्स द्वारा उनकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। अब इन सब के बीच शो शुरू होने से पहले ही एक बिग बॉस 18 से एक नाम का पत्ता साफ हो गया है। कुंडली भाग्य से दर्शकों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बनाने वाले अभिनेता धीरज धूपर पिछले कुछ दिनों से टीवी से दूर अपनी निजी जिंदगी में काफी व्यस्त थे। हालांकि, कयासों का बाजार गर्म था कि अभिनेता बिग बॉस 18 से एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे, लेकिन अब अभिनेता के फैंस के लिए एक बुरी खबर है। धीरज का नाम लिस्ट से बाहर कर दिया गया है। खबर थी कि धीरज ने मेकर्स के सामने अपने कुछ डिमांड रखे थे और पिछले कई दिनों से इसे लेकर मेकर्स से उनकी बातचीत चल रही थी। अब शो की हालिया लिस्ट को देखकर लगता है कि मेकर्स ने अभिनेता की डिमांड मानने से इनकार कर दिया है। इससे पहले ईशा कोप्पिकर भी शो करने से पीछे हट गई थीं। धीरज के अलावा जारी की गई लिस्ट में बाकी सितारों के नाम को कंफर्म ही बताया जा रहा है। वही, कई रिपोर्ट्स यह भी दावा कर रही हैं कि धीरज ने शो में आने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि उनका कहना था कि शो में कई बड़े और नामी चेहरे आ रहे हैं। ऐसे में वह शो जीतने में शायद असफल साबित होंगे। इससे पहले सायली सालुंखे के नाम को लेकर भी चर्चा तेजी, लेकिन पिछले दिनों खबर आई कि वह इस शो में हिस्सा नहीं ले रही हैं।

# हमें महिलाओं पर अधिक फिल्में बनाने की जरूरत है, लापता लेडीज की सफलता पर बोलीं किरण



किरण राव की निर्देशित फिल्म लापता लेडीज ने रिलीज होने के बाद से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है और खूब प्यार बटोरा है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसके अलावा ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म को लेकर लोगों का प्यार और भी बढ़ गया है। हालांकि, यह सब यही नहीं रुका। यह फिल्म अब ऑस्कर में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि है। अब किरण ने महिला प्रधान फिल्मों को लेकर अपनी बात रखी है। हाल ही में एक बातचीत में, किरण ने बताया कि उन्हें क्या लगा कि फिल्म की यह कहानी सच में काम आई। उन्होंने कहा, कहानी ने मुझसे बात की। यह दो लड़कियों के बारे में है जो स्वतंत्रता, अवसर और आवाज की तलाश कर रही हैं।, उन्होंने आगे कहा कि हिंदी सिनेमा को महिलाओं के बारे में और महिलाओं द्वारा बनाई गई अधिक फिल्में बनाने की जरूरत है।

किरण राव ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हमें महिलाओं पर अधिक फिल्में बनाने की जरूरत है। यह बहुत जरूरी है कि हम महिला कहानीकारों, निर्माताओं, अभिनेताओं और महिलाओं की निर्देशित प्रोजेक्ट्स में ज्यादा पैसा लगाए। इस फिल्म की सफलता के बाद मैं महिला किरदारों के आस-पास घूमती कहानियां बताना जारी रखूंगी। यही नहीं, किरण राव ने आगे कहा कि लोगों ने फिल्म से जुड़ाव महसूस किया क्योंकि इसमें कॉमेडी का भी मिश्रण था। हम कॉमेडी के जरिए इन मुद्दों को कहानी में शामिल करना चाहते थे क्योंकि कोई भी सिनेमा में जाने पर लेक्चर नहीं सुनना चाहता। मेरा मानना है कि कॉमेडी सबसे असहज मुद्दों से निपटने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। हमें लगा कि कहानी को जीवंत बनाए रखने से यह कहीं और मनोरंजक बन जाएगी। यही एक मुख्य कारण है कि दर्शकों ने इसे इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बता दें कि इससे पहले, फिल्म के निर्माता आमिर खान ने ऑस्कर में इसकी प्रविष्टि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम सभी इस खबर से बहुत खुश हैं। मुझे किरण और उनकी पूरी टीम पर गर्व है। मैं फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की चयन समिति को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने ऑस्कर में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हमारी फिल्म को चुना।



# चिरंजीवी संग अपने रिश्ते पर बोले कोर्टला शिवा

हाल में ही तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुआ है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री इस वक्त देशभर में काफी ज्यादा चर्चित है। आए दिन इस फिल्म इंडस्ट्री की फिल्में चर्चाओं में बनी रहती हैं। कंटेंट आधारित फिल्मों के साथ-साथ नए तरह के प्रयोग भी इन फिल्मों में देखने को मिल रहे हैं। बड़े बजट की फिल्मों से लेकर दर्शकों के लिए कुछ नया परोसने तक साउथ फिल्म इंडस्ट्री लगातार खुद को बेहतर साबित कर रही है। इस क्रम में अब देवरा- भाग 1 भी पर्दे पर रिलीज होने को तैयार है, जिसमें दर्शकों को समुंदर के भीतर खतरनाक एक्शन दृश्य दिखाए जाने वाले हैं। अब इस फिल्म के निर्देशक कोर्टला सिवा ने चिरंजीवी के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की है।

देवरा- भाग 1 के लिए दर्शकों के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है। इस फिल्म के लिए जूनियर एनटीआर और मशहूर निर्देशक कोर्टला शिवा एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। हाल में ही उन्होंने तेलुगु मीडिया के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने अपने और चिरंजीवी के संबंधों को लेकर फैले अफवाहों पर बात किया है। गौरतलब है कि दोनों ने फिल्म आचार्य में साथ काम किया था। इस फिल्म के फीके प्रदर्शन के बाद ये अफवाहें उड़ी थीं कि दोनों के संबंधों में खटास आ गई है। अब उन्होंने इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए देवरा निर्देशक ने दिलचस्प जानकारी साझा की है।

## दोनों के बीच है अच्छे संबंध

कोर्टला शिवा ने कहा कि आचार्य फिल्म की असफलता के बाद सबसे पहले उनसे चिरंजीवी ने ही संपर्क किया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान मजाकिया अंदाज में उन्होंने निर्देशक से कहा था कि दोनों के बीच अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा, चिरंजीवी सबसे पहले मुझसे संपर्क करने वाले थे, उन्होंने मुझे मैसेज किया, तुम वापस उछल जाओगे, शिवा। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं। जाहिर है कि शिवा के ये शब्द दोनों दिग्गजों के बीच किसी भी तरह के दरार को गलत ठहराते हैं।

## 27 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

बताते चलें कि देवरा इस साल 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में एनटीआर के अलावा बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी नजर आने वाली हैं। फिल्म पूरे देश भर में विभिन्न भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म में सैफ अली खान नकारात्मक भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म को एनटीआर आर्ट्स और युवासुधा आर्ट्स के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीत दिया है। अब तक जारी किए गए टीजर और ट्रेलर में फिल्म के दृश्य काफी भव्य नजर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है।



# कॉन्सर्ट के बीच दिलजीत को झटका, सेंसर बोर्ड ने बढ़ाई मुश्किलें

मशहूर अभिनेता और पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ अक्सर अपनी फिल्मों और गानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती टूर के भारत चरण के टिकटों को लेकर फैंस में होड़ मची हुई है हालांकि, इसके अलावा दिलजीत के खाते में कई बड़ी फिल्में भी शामिल हैं। अब उनकी फिल्म 'पंजाब 95' की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। सेंसर बोर्ड और मेकर्स के बीच उनकी यह लड़ाई थमने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म में पहले ही सेंसर बोर्ड ने 85 कट की मांग की थी, हालांकि, रिवाइजिंग कमिटी के रिव्यू के बाद अब फिल्म में 120 कट्स लगाने की डिमांड की गई है। फिल्म के मेकर्स अपनी डिमांड से पीछे नहीं हट रहे हैं।

